दैनिक
लोकजीवन
भीलवाड़ा एवं जयपुर से प्रकाशित राज्यस्तरीय समाचार पत्र
संस्थापक - स्व. डॉ. शिवकुमार जी त्रिवेदी
■ रजि. नं. 27201/76 ■ मूल्य 2 रूपया ■ पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026
■ वर्ष 51 ■ अंक 285 ■ भीलवाड़ा ■ शुक्रवार 27 नवम्बर 2026 ■ मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष- तृतीया संवत् 2083 ■ कुल पृष्ठ 4

लोकजीवन
के वाट्सएप ग्रुप से जुड़ने के लिए QR को स्केन करें

प्रधान चुनाव: रायपुर में कांग्रेस को झटका, शेष 15 प्रधान के लिए वोटिंग दोपहर 3 बजे से, फिर परिणाम

बिजौलियां में भाजपा का निर्विरोध प्रधान, खजूरी में हंगामा-प्रदर्शन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जिले की 16 पंचायत समितियों के प्रधान के लिए आज संबंधित पंचायत समितियों में चुनाव हो रहे हैं। सुबह 11 बजे तक नामांकन दाखिल हुए। कांग्रेस का 12 और भाजपा का तीन पंचायत समितियों में बहुमत है। पंचायत समिति शंभूगढ़ में दोनों दलों को बहुमत नहीं मिला। वहां प्रधान निर्दलीय तय करेंगे।

बिजौलियां में कांग्रेस का बहुमत होने के बावजूद भाजपा ने निर्विरोध अपना प्रधान बना लिया। इसका कारण बिजौलियां में प्रधान पद एससी के लिए आरक्षित होना तथा इस पद का कोई भी सदस्य कांग्रेस से नहीं जीतना रहा। रायपुर पंचायत समिति में कांग्रेस को झटका लगा है। उसके पूर्व पीसीसी मेंबर प्रकाश चंद्र जाट केमूनिया की पत्नी केसर देवी जाट ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा ने केसर देवी को प्रधान का उम्मीदवार बनाया। इसी तरह खजूरी में कांग्रेस से मनीषा मीणा को प्रधान प्रत्याशी नहीं बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उधर, शेष 15 प्रधानों के लिए दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। भाजपा-कांग्रेस ने अपने-अपने प्रधान बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है।

WORTHYTECH SOLUTIONS
TURN YOUR IDEAS INTO DIGITAL REALITY
Build. Innovate. Grow.
Technology That Moves You Forward.
OUR SERVICES
Website Development
Mobile App Development
Software Development
Digital Marketing
INTERNSHIP & TRAINING PROGRAMS for Beginners
G-3, G-4, G-5, Ganpati Complex, Pur Road, Bhilwara.
Phone: 9982376430
Email: info@worthytechsolutions.com
Website: www.worthytechsolutions.com



बिजौलियां प्रधान बने भाजपा के शिवराज, मनाया जश्न

बिजौलियां। बिजौलिया पंचायत समिति के प्रधान पद को लेकर चल रही राजनीतिक सरगर्मियों के बीच भाजपा के शिवराज सोयेल निर्विरोध प्रधान निर्वाचित हुए। इससे पूर्व उन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया, जबकि कांग्रेस की ओर से कोई भी प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने नहीं पहुंचा। यह पद एससी के लिए आरक्षित था और इस वर्ग का कांग्रेस से कोई प्रत्याशी नहीं जीता था। इसके चलते सोयेल का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। नामांकन के दौरान मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, भाजपा कार्यकर्ता सुनील जोशी, हितेंद्र राजोरा, कपिल धाकड़ आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। शिवराज सोयेल के निर्विरोध प्रधान बनने से समर्थकों, परिवारजनों, भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने आतिशबाजी कर और एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर खुशी का इजहार किया। इस चुनाव की सबसे खास बात यह रही कि 15 सदस्यीय बिजौलिया पंचायत समिति में कांग्रेस के बहुमत के बावजूद भाजपा ने प्रधान बनाया।

अब क्षेत्रवासियों की निगाहें नवनिर्वाचित प्रधान शिवराज सोयेल पर टिकी हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में पंचायत समिति क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी तथा गांवों की मूलभूत समस्याओं, सड़क, पानी, बिजली और अन्य जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी।

सुवाणा: कांग्रेस से रेखा का बनना तय

सुवाणा पंचायत समिति में प्रधान के लिए भाजपा की ओर से लक्ष्मी देवी बरड़ोद और कांग्रेस से रेखा देवी ने निर्वाचन अधिकारी के सामने नामांकन दाखिल किया। सुवाणा में 27 में से 19 सीटें कांग्रेस के पास है। वहीं 8 सीट भाजपा की है। वहां कांग्रेस का प्रधान बनना तय है।

मांडलगढ़: मूंदड़ा ने वापस लिया नाम, कांग्रेस को राहत

माण्डलगढ़ पँचायत समिति प्रधान के लिए काँग्रेस से गणेश लाल जाट ने जबकि भाजपा से मंजूदेवी ने नामांकन पत्र भरा। गणेश जाट पूर्व में मोटरों का खेड़ा सरपँच रह चुके हैं। जाट पूर्व मंत्री एवं देहात कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामलाल जाट के करीबी बताए जाते हैं। यहां कांग्रेस से बगावत करते हुए पूर्व प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा ने नामांकन दाखिल कर दिया था। फिर समझाइश के बाद उन्होंने नाम वापस ले लिया, इससे कांग्रेस को राहत मिली। वहां कांग्रेस के 12, बीजेपी के 8 और 1 निर्दलीय सदस्य निर्वाचित है।



खजूरी में प्रधान प्रत्याशी चयन पर कांग्रेस में बगावत! फूटा गुस्सा

जहाजपुर। खजूरी पंचायत समिति में प्रधान पद के प्रत्याशी चयन को लेकर कांग्रेस के भीतर असंतोष खुलकर सामने आ गया। कांग्रेस नेता बाबूलाल मीणा की पुत्रवधू मनीषा मीणा को प्रधान पद का प्रत्याशी नहीं बनाए जाने से उनके समर्थकों में भारी नाराजगी देखने को मिली। प्रत्याशी चयन से नाराज बाबूलाल मीणा के समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक धीरज गुर्जर के खिलाफ नारेबाजी। खजूरी में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलने के बावजूद प्रत्याशी चयन को लेकर पार्टी के भीतर उभरी नाराजगी ने सियासी हलचल बढ़ा दी है। अब सवाल यह है कि प्रधान पद के चुनाव से पहले कांग्रेस का यह आंतरिक असंतोष कितना गहराता है और इसका राजनीतिक समीकरणों पर क्या असर पड़ता है?



जहाजपुर: धीरज की माता सीता देवी का प्रधान बनना तय

जहाजपुर। जहाजपुर पंचायत समिति में कांग्रेस ने स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। यहां 17 सीटों में कांग्रेस ने 10, भाजपा ने 5 तथा निर्दलीयों ने 2 सीटों पर जीत दर्ज की। कांग्रेस की ओर से पूर्व प्रधान सीता देवी गुर्जर ने नामांकन दाखिल किया। वे कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक धीरज गुर्जर की माता हैं। दो बार जहाजपुर प्रधान रह चुकी हैं। भाजपा की ओर से निर्दलीय जीतकर आईं सीआर कविता मीणा ने नामांकन दाखिल किया। कविता मीणा पूर्व विधायक स्व. शिवजीराम मीणा की पुत्रवधू हैं। ऐसे में सीता देवी का प्रधान बनना तय माना जा रहा है।

कोटड़ी: भाजपा से जाट व कांग्रेस से गुर्जर मैदान में

27 सदस्यीय कोटड़ी पंचायत समिति में 16 सीटें जीतने वाली भाजपा ने जिला महामंत्री कन्हैया लाल जाट को मैदान में उतारा है। कांग्रेस से सुमन गुर्जर ने नामांकन किया। यहां कांग्रेस के 11 सदस्य जीते हैं। सुमन कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर के भाई पीसीसी मेंबर वीरज गुर्जर की पत्नी है। यहां भाजपा को पूर्ण बहुमत है।



रायपुर: कांग्रेस सदस्य ने भाजपा का दामन थामा

रायपुर प्रधान पद के चुनाव से पहले राजनीतिक समीकरण बदल गए हैं। बहुमत के आंकड़े के बावजूद कांग्रेस को उस समय बड़ा झटका लगा, जब केसर देवी जाट ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। वहां कांग्रेस ने 7, भाजपा 6 और एक सीट निर्दलीय की है। केसर देवी पूर्व पीसीसी सदस्य प्रकाश चंद्र जाट केमूनिया की पत्नी हैं। उस वक्त सहाड़ा विधायक लादू लाल पितलिया, भाजपा नेता कैलाश महता एवं पार्षद सुरेश तिवारी मौजूद थे। भाजपा ने इसके बाद उन्हें प्रधान पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया। इस घटनाक्रम से रायपुर प्रधान का मुकाबला दिलचस्प हो गया है। भाजपा की इस रणनीति ने कांग्रेस के समीकरण को चुनौती दे दी। कांग्रेस ने प्रधान पद के लिए पूर्व विधायक के पुत्र संदीप त्रिवेदी को उम्मीदवार बनाया। दोनों प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए। उधर, केसर देवी जाट के साथ एक निर्दलीय उम्मीदवार भी भाजपा खेमे में पहुंचने का दावा किया गया है।

मांडल: कांग्रेस की पूरण कंवर का बनना तय

21 सदस्यीय मांडल पंचायत समिति में कांग्रेस को 15 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत है। यहां भाजपा महज 6 पर है। कांग्रेस ने पूरण कँवर को प्रधान का टिकट दिया तो भाजपा ने गीता गाडरी को उम्मीदवार बनाया। सीटों के गणित से कांग्रेस की जीत तय मानी जा रही।

फूलियां कलां: कांग्रेस की जीत तय

पंचायत समिति प्रधान पद कांग्रेस से प्रत्याशी के रूप में कमला देवी रेगर ने नामांकन दाखिल किया। भाजपा से निरमा बावरी ने पर्चा भरा। यहां 15 सीटों में से भाजपा ने 4, कांग्रेस ने 10 और 1 सीट आरएलपी ने जीती।

हुरडा: कांग्रेस-भाजपा से जाट मैदान में

सत्रह सदस्यीय हुरड़ा पंचायत समिति में कांग्रेस ने 10 सदस्यों के साथ बहुमत हासिल किया। कांग्रेस से प्रधान के लिए जगदीश जाट का नामांकन दाखिल हुआ। बीजेपी से शीला जाट ने फार्म भरा। वहां भाजपा ने चार सीटें जीती थी, जबकि एक आरएलपी व दो निर्दलीय जीते।

सहाड़ा: भाजपा की रतन, कांग्रेस की पायल मैदान में

सहाड़ा में 19 सीटों में से 10 भाजपा ने जीतकर बहुमत हासिल किया, पर कांग्रेस ने 9 सीटें जीती। केवल एक वोट का अंतर रिजल्ट तय करेगा। कांग्रेस से पायल जाट ने प्रधान पद के लिए फार्म भरा। भाजपा ने रतन कंवर को खड़ा किया। ऐसे में यहां भी परिणाम पर सबकी निगाहें हैं।

करेड़ा: कांग्रेस की बाली व भाजपा की मीठा मैदान में

करेड़ा पंचायत समिति में कुल 17 सीटें हैं। वहां भाजपा को 5 तथा कांग्रेस को 12 सीटें मिली। वहां कांग्रेस ने बाली देवी गुर्जर और भाजपा से मीठा देवी ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

आसींद: भाजपा के मनसुख बन सकते प्रधान

आसींद पंचायत समिति प्रधान पद के लिए भारतीय जनता पार्टी से मनसुख सिंह गुर्जर एवं कांग्रेस से नंदलाल गुर्जर ने उम्मीदवारी जताई। वहां कुल 15 सीटों में से 9 पर भाजपा, 4 पर कांग्रेस और 2 पर निर्दलीय निर्वाचित हुए थे। यहां भाजपा के मनसुख का प्रधान बनना तय बताया जा रहा।

बनेड़ा: कांग्रेस के भंवर बन सकते प्रधान

बनेड़ा पंचायत समिति में कुल 17 वार्ड हैं। कांग्रेस की 12, भाजपा की 5 सीटें हैं। कांग्रेस से प्रधान पद के दावेदार भंवर भील ने नामांकन किया पेश। भाजपा ने बालू भील को उम्मीदवार बनाया। बहुमत के लिहाज से कांग्रेस के भंवर भील का प्रधान बनना निश्चित है।

शंभूगढ़: निर्दलीय पर निर्भर पहला प्रधान

नवगठित शंभूगढ़ पंचायत समिति में 15 सीटे हैं। भाजपा के पास 6 है। कांग्रेस ने 7 सीटें जीती, पर बहुमत के लिए आठ चाहिए। सबसे बड़ी बात ये है कि यहां प्रधान एससी सीट का बनेगा, जबकि कांग्रेस के पास एससी सदस्य है ही नहीं। ऐसे में उसने निर्दलीय सुशीला नायक को साथ लिया और प्रधान प्रत्याशी बना दिया। कांग्रेस से सुशीला ने नामांकन दाखिल किया। बीजेपी ने प्रेमचंद रेगर को मैदान में उतारा है। यहां मुकाबला कांटे का है।

सी. के. एस. हॉस्पिटल्स, जयपुर और नाहर हेल्थ केयर सेंटर, भीलवाड़ा द्वारा
नियमित परामर्श सेवाएं
आपके शहर भीलवाड़ा में

डॉ. राहुल नाहर
ENT & Head Neck Surgery
MBBS, MS ENT & Head Neck Surgeon Sleep Apnea and Snoring Specialist

डॉ. सुश्रुत कालरा
Plastic, Hand & Cosmetic Surgeon
MBBS, MS (General Surgery), MCh (Plastic & ReconstructiveSurgery), Fellowship in Hand Surgery and Breast Reconstruction (Chelmsford, UK), Fellowship in Cosmetic Surgery (Cadogan Clinic, UK), Ex faculty SMS hospital jaipur.

डॉ. अरुण आर्य स्योराण
Medical Gastroenterologist
MBBS, MD (General Medicine), Dr. NB (Medical Gastroenterology)
समय : सुबह 11.00 से दोपहर 02.00 बजे तक
स्थानः- नाहर स्वच्चायर सेवा सदन रोड, एपेक्स डायग्नोस्टिक सेंटर सेकंड फ्लोर, सेवा सदन स्कूल के पास, भीलवाड़ा, राजस्थान - 311001
प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को
Book An Appointment : 94622 39072, 9784024973
RHGS, CGHS, ECHS, ESIC, Indian Railway, Chiranjeevi & All TPS'S
CKSHospitals CKSHospitals www.ckshospitals.com
CKS Hospitals98A, Sikar Rd, Vishwakarma Industrial Area, Jaipur

बालाजी की असीम कृपा से समस्या का तुरंत निदान

राजस्थान के जाने-माने ज्योतिषाचार्य
विक्रम सिंह सोनी
ज्योतिष सम्बन्धित सभी समस्याओं का तुरंत निवारण सशुल्क ऑनलाईन किया जाता है।
मिलने के लिए आप 3 से 6 प्रतिदिन फोन करके पधारें।
डांगी फैक्ट्री के पीछे, सांवरिया मंदिर के पास, आजाद नगर, भीलवाड़ा
9509837485, 6350542648

गायत्री नगर में पेयजल संकट पर गुस्सा फूटा, लोगों ने मटकी फोड़ कर किया प्रदर्शन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

मालोला चौराहे के पास स्थित गायत्री नगर में विवेकानंद स्कूल के पीछे की गलियों में पेयजल संकट को लेकर शुक्रवार को स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने मटकी फोड़ कर विरोध प्रदर्शन किया।

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि गलियों में नियमित रूप से पानी नहीं आ रहा है, जबकि विभागीय रिकॉर्ड और बिलिंग व्यवस्था में पानी की आपूर्ति दर्शाई जा रही है, जिससे लोगों में खासी नाराजगी है। प्रदर्शन कर रहे नागरिकों ने बताया कि बीते कई दिनों से पीने के पानी के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही है और महिलाओं व बच्चों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। कई बार शिकायत करने के



बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से आक्रोशित लोगों ने सड़कों पर उतरकर नारेबाजी की और खाली मटकियां फोड़ कर संबंधित विभाग के खिलाफ रोष जताया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पानी नहीं आने के बावजूद आपूर्ति दिखाए जाने से व्यवस्था की पोल खुल रही है और आमजन को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही विवेकानंद स्कूल के पीछे की गलियों में सुचारू पेयजल आपूर्ति बहाल नहीं की गई और पानी की सप्लाई को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा तथा मुख्य मार्ग जाम करने जैसे कदम उठाए जाएंगे। लोगों ने प्रशासन और जलदाय विभाग से तुरंत मौके पर टीम भेजकर लाइन की जांच कराने व नियमित पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है।

आनंदधाम में आज से दर्शनों का समय बदला

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

पुष्टिमार्गीय परंपरा से संचालित श्री आनंद धाम हवेली मंदिर में सर्दी आने के साथ ही दर्शनों का समय बदल गया है।

मंदिर ट्रस्टी सुमन बाहेती ने बताया कि प्रभू श्रीनाथजी, श्री द्वारकाधीश व लालन के मंगला दर्शन अब सुबह 7:45 से 8:45 बजे तक, श्रृंगार दर्शन 10 से 10:15 बजे तक, राजभोग दर्शन 11:30 से 12 बजे तक, उत्थापन दर्शन शाम 4:45 से 5 बजे तक, भोग आरती दर्शन शाम 5:30 से 6 बजे तक तथा शयन दर्शन शाम 6:45 से 7:30 बजे होंगे।

DR. APURVA'S COSMO DENT CARE
SKIN | HAIR | LASER | DENTAL
अब भीलवाड़ा में नियमित सेवाएं

डॉ. प्रियांश जैन
MBBS, M.D. (SKIN & VD)
(BHU VARANASI)
पूर्व चिकित्सक अरिहन्त अस्पताल
रजि. हेतु सम्पर्क - 90247-23534
रविवार अवकाश
चर्म रोग, एलर्जी रोग एवं यौन रोग विषेशज्ञ

समय - प्रातः 10 AM से 3 PM, पता- ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा
समय - सायं: 5 PM से 8PM
पता- पुर रोड़, पांसल चौराहा, भीलवाड़ा

डॉ. अपूर्वा धोका (जैन)
BDS, MDS ENDODONTIST (INDORE)
(Root Canal Specialist)
रजि. हेतु सम्पर्क - 76655-91929
अब अहमदाबाद जैसी सुविधाएं भीलवाड़ा जिले में पहली बार
रूट केनाल ट्रीटमेन्ट (RCT) के लिए बार-बार सिटिंग की जरूरत नहीं, अब एक सिटिंग में ही पाएं एडवांस टेक्नोलॉजी द्वारा सर्वोतम दर्द रहित उपचार

Expert in • Single Sitting Rotary RCT
• अत्याधुनिक मशीन द्वारा दाँतों की नसों का दर्द रहित इलाज
• फिक्स दाँत लगाना • लेजर द्वारा दाँतों में मसाला भरना
• इम्प्लान्ट • बच्चों के दाँतों का इलाज • सिस्ट एवं ट्यूमर का ऑपरेशन • दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग • पायरिया का इलाज
समय - प्रातः 10 AM से 7 PM रविवार - 10 AM से 2 PM
पता- ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा

राजस्थान का नं. 1 कोरियर सर्विस
DTDC Delivering Value
(M.) 94133-54317
PUSHPAK COURIER
सम्पूर्ण भारत में डाक एवं पार्सल की उत्तम सुविधा उपलब्ध हैं।
दुकान नं. 10, सदर बाजार, स्टेशन रोड, लक्ष्मण जनरल स्टोर के सामने, (मिर्ची वाले काबराजी की दुकान मेन मार्केट), भीलवाड़ा

Rideloo
Safar ho ya ambulance, sab ek app se
भीलवाड़ा की अपनी Ride Booking App
शहर में कहीं जाना हो, ट्रैफिक से परेशान या घर पे गाड़ी नहीं तो
आज अभी BOOK करें!
यात्रियों के लिए
Auto & Cab Booking
Fare Pickup
Safe & Comfortable Ride
Local Drivers, Trusted Service
DRIVERS / RIDERS के लिए
कमाई का सुनहरा अवसर
Rideloo Partner App डाउनलोड करें
0% COMMISSION
AUTO BIKE CAB AMBULANCE
BOOKING, SUPPORT & RIDER REGISTRATION
96943 97383 | 92166 69115

तीन दिन से लापता युवक का नहर के पास मिला शव, हत्या की आशंका

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शहर के गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित मालोला गांव में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब तीन दिन से लापता एक युवक का शव नहर के पास संदिग्ध अवस्था में मिला। मृतक की पहचान मालोला निवासी कमल सिंह रावणा राजपूत (35) पुत्र तेजू सिंह के रूप में हुई है।



जानकारी के अनुसार, खेती-बाड़ी और मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाला कमल सिंह 24 नवंबर से घर से लापता था। परिजन उसकी लगातार तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग पाया था। शुक्रवार को ग्रामीणों ने मालोला में ही नहर के पास एक युवक का शव पड़ा देखा और पुलिस व परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त कमल सिंह के रूप में की। घटना की सूचना मिलते ही गांधी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। इधर, परिजनों ने कमल सिंह की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और प्रारंभिक जांच के आधार पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



मौसमी बीमारियों, स्वाइन फ्लू (H1N1) एवं इन्फ्लूएंजा से रहें सावधान !

मौसम में बदलाव और सर्दी के बढ़ते प्रकोप के साथ ही इन्फ्लूएंजा, स्वाइन फ्लू, सर्दी-जुकाम, तेज बुखार और सांस संबंधी संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। थोड़ी सी सतर्कता और सही समय पर उपचार आपको व आपके परिवार को सुरक्षित रख सकता है।

—— मुख्य लक्षण (इन्हें नज़रअंदाज़ न करें) ——

- **तेज बुखार व ठंड** — कंपकंपी के साथ तेज बुखार आना
- **खांसी व गले में खराश** — लगातार खांसी, जुकाम व नाक बहना
- **सांस में तकलीफ** — सांस फूलना या सीने में जकड़न होना
- **शरीर दर्द व कमजोरी** — तेज सिरदर्द, थकान, उल्टी या दस्त

क्या करें (DO'S)

- खांसते या छींकते समय मुंह और नाक पर साफ रूमाल या टिश्यू रखें।
- साबुन और साफ पानी से बार-बार हाथ धोएं या सैनिटाइज़र का उपयोग करें।
- भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें और आवश्यक होने पर मास्क पहनें।
- पौष्टिक गर्म आहार लें, गुनगुना पानी पिएं और पर्याप्त आराम करें।
- लक्षण दिखते ही तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में चिकित्सक को दिखाएं।

क्या न करें (DON'TS)

- बिना डॉक्टर की सलाह के अपनी मर्जी से कोई भी एंटीबायोटिक या दवा न लें।
- सार्वजनिक स्थानों, सड़कों या दीवारों पर इधर-उधर बिल्कुल न थूकें।
- बुखार या जुकाम होने पर दूसरों से हाथ न मिलाएं, गले न लगें व दूरी रखें।
- बिना हाथ धोए अपनी आंख, नाक या मुंह को बार-बार न छुएं।
- रजिस्टर्ड चिकित्सक एवं प्रेक्टीनर्स को ही दिखाएं झोलाछाप को ना दिखाएं।

विशेष सावधानी (हाई रिस्क ग्रुप के लिए अति आवश्यक)

छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं तथा पहले से डायबिटीज (मधुमेह), अस्थमा (दमा), हृदय या गुर्दे की बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों में संक्रमण गंभीर रूप ले सकता है। हल्का लक्षण दिखते ही तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें।

100% नि:शुल्क जांच एवं उपचार सुविधा

जिले के सभी राजकीय जिला अस्पताल, उप-जिला अस्पतालों (SDH), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (CHC) एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (PHC) पर मौसमी बीमारियों व स्वाइन फ्लू की जांच एवं दवाइयां नि:शुल्क उपलब्ध हैं।

आपातकालीन स्वास्थ्य हेल्पलाइन
104/108

जिला नियंत्रण कक्ष (CMHO कार्यालय, भीलवाड़ा)
01482-232643

''आपका स्वास्थ्य, हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता''

जिला स्वास्थ्य समिति, भीलवाड़ा (राजस्थान)

आज का विचार

क्रॉस वोटिंग करने वाले अपने फैसले के पक्ष में कैसा भी तक दें। लेकिन यह जनादेश का अपमान तथा अपनी पार्टी प्रति गद्दारी ही कहीं जाती है।

शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता

दैनिक
लोकजीवन

जिला प्रमुखों में उलट फेर ...

गांवों की सरकार बनाने के लिए जनता ने कांग्रेस को भाजपा के मुकाबले अधिक पसंद किया लेकिन भाजपा ने जोड़-तोड़ के सहारे अपने जिला प्रमुख बनकर आंकड़ा दहाई में पहुंचा दिया राजनीति में सब कुछ चलता है। यहां नैतिकता का कोई मतलब नहीं नतीजे पक्ष में आज जाये तो सभी पाप माफ हो जाते है चर्चा केवल जीत की होती है कैसे और कितने हथकंडों से जीते इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। प्रदेश में सबसे अधिक चर्चा केवल चुरू की इसलिए है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के पुत्र व पुत्र वधु दोनों चुनाव जीतने में सफल रहे। बल्कि चर्चा में इसलिए है कि कांग्रेस का बहुमत होते हुए भी राठौड़ की पुत्र वधु कनिका सिंह जिला प्रमुख बनने में सफल रही। यहां 39 में से कांग्रेस को 21 सदस्यों के साथ बहुमत मिला था। भाजपा के 17 तथा माकपा का एक सदस्य जीता। लेकिन जिला प्रमुख पद के लिए राठौड़ कांग्रेस के 4 और माकपा के एक सदस्य का वोट कनिका सिंह के पक्ष में कराने में सपुल रहे। वहीं चौकाने वाला परिणाम चुरू के बाद ब्यावर का रहा जहां भाजपा बहुमत में थी लेकिन भाजपा की ममता गुजर के पक्ष में क्रॉस वोटिंग से भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ा।

अपेक्षा के विपरित 37 जिला पमुखों में कांग्रेस ने 24 तथा भाजपा ने 10 जिला प्रमुख बनाने में सपुल्ता पाई। बीएपी के दो तथा आरएलपी का एक जिला प्रमुख बना 26 जिलों की कमान महिलाओं ने सीाली। बांसवाड़ा में भाजपा के सहयोग से बीएपी तथा प्रतापगढ़ में बीएपी के सहयोग से भाजपा का जिला प्रमुख विजयी रहा। भीलवाड़ा की सीट सामान्य वर्ग के लिए अनारक्षित थी। जिस पर एसटी वर्ग से कैलाश मीणा कांग्रेस के उम्मीदवार के रूपमें जिला प्रमुख पद पर भाजपा के सुखालाल गुर्जर से 14 वोटों से विजयी रहे। यहां दोनों दलों के ने अपने सदस्यों की संख्या बरकरार रखी। भाजपा के 14 और कांग्रेस के 31 सदस्य चुनाव जीते थे। जयपुर में कांग्रेस के यशवीर सूरा ने भाजपा के राजेश गुर्जर को हराकर जिला प्रमुख का पद हासिल किया। इनमें अलावा जोधपुर, अलवर, सीकर, बीकानेर, भरतपुर, धौलपुर, राजसमंद, ब्यावर, कोटपूतली, चित्तौड़, भीलवाड़ा, बाडमेर, जैसलमेर, सवाई माधोपुर, फलौदी, जालौर, सलुम्बर, टोंक, बूंदी, हनुमानगढ़, झून्झूनू और सिरोही में कांग्रेस तथा उदयपुर, अजमेर, डीग, बालोतरा, खेरथल, पाली, प्रतापगढ़, झालावाड, चुरू और कुचामन सहित 10 जिला परिषदों में जीत दर्ज की। डीडवाना व डूंगरपुर में बराबर वोट होने से लॉटरी द्वारा फैसला हुआ। दौसा, जैसलमेर व सवाई माधोपुर में कांग्रेस निर्विरोध जीती। आज आवश्यकता इस बात की है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधि अब अपने पद की जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए चुनाव के दौरान किए वादों और आकांक्षाओं को पूरी कर ताकि लोगों का विश्वास अर्जित किया जा सके।

कड़वी घूंट -सूरज

हार पर मंथन ...

चुनावों में जीत हार होती रहती है कोई भी नेता या पार्टी इससे अछूते नहीं है। जब तक जीत मिलती है जश्न मनाया जाता है लगातार जीत मिलने लगे तो अहंकार आना स्वाभाविक है। इस दौरान कोई कमी बताना चाहे तो उसकी तरफ ध्यान नहीं दिया जाता। क्योंकि जब जीत मिल रही है तो हमारे निर्णय और कार्यक्रम सभी सही है। जनता उन्हें पसंद कर रही है तभी तो चुनाव जिता रही है। विपरित इसके हार का झटका जोरदार लगता है यह समझ में ही नहीं आता कि जो जनता लगातार जिता रही थी, वहीं कब और क्यों नाराज हो गई पता ही नहीं चला चुनाव नतीजों के बाद पता चला कि जनता हमसे सहमत नहीं थी उसने अपनी बात वोट के माध्यम से कह सुनाई कि इस बार आपको हरा रहे है ताकि आंख, कान खुल जाय। देखने सुनने का तरीका बदल जाय। हां जीत का नशा केवल हार ही उतार सकती है। इसलिए चुनाव हारते ही समीक्षा और मंथन का दौर चालू हो जाता है। हालिया पंचायत राज चुनाव में सत्ताधारी भाजपा की हार पर मंथन शुरू हो गया है। राजधानी दिल्ली में परिणाम के साथ ही राजनीतिक हलचल शुरू हो गई थी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष ने भाजपा से जुड़े नेताओं से हार पर चर्चा की। प्रदेश के जिम्मेदार नेताओं को मंथन के लिए बुलाया गया है। अब यह आप जानो कि भाजपा प्रदेश की सत्ताधारी पार्टी होने के बाद चुनाव हारी तो इसे गंभीरता से लेना स्वाभाविक है ताकि भूल सुधार के प्रयास आरंभ हो सके।

पाप-पुण्य में कोई साझेदार नहीं होता, केवल कर्म ही साथ जाते हैं - संत दिग्विजयराम महाराज

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा





धरती पर प्रत्येक मनुष्य को अपने पाप और पुण्य का फल स्वयं ही भोगना पड़ता है, इसमें किसी की भी साझेदारी नहीं चलती।

अंत समय में जब प्रभु के घर से बुलावा आता है, तो धन-दौलत यहीं रह जाती है और केवल पाप-पुण्य ही जीव के साथ जाते हैं। यह उद्गार संत दिग्विजयराम महाराज ने कटारिया ग्रीन में पाटोदिया विजयवर्गीय परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस व्यासपीठ से व्यक्त किए। संत ने कहा कि दुनिया से संवाद के लिए भले ही फोन का उपयोग होता हो, लेकिन परमात्मा से जुड़ने के लिए मौन ही सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। मानव देह अत्यंत दुर्लभ है, जिसके लिए देवता भी तरसते हैं। जीवन बहुत सीमित है, जिसका आधा हिस्सा नींद में ही बीत जाता है। मनुष्य इस संसार में एक यात्री बनकर आता है और इस जीवन यात्रा को सफल बनाने के लिए राम नाम का टिकट होना आवश्यक है। संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में विद्यालयों में आजीविका की शिक्षा तो दी जा रही है, लेकिन माता-पिता के सम्मान के संस्कारों का अभाव दिखता है। संसार में पुत्र कुपुत्र हो सकता है, किंतु माता कभी कुमाता नहीं होती। भक्त ध्रुव और राजा पृथु के प्रसंगों का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि जिस प्रकार ध्रुव ने कठिन परिस्थितियों में भी ईश्वर पर अटूट विश्वास रखा, उसी प्रकार जिसकी लगन प्रभु से लग जाती है, उसका दीपक तूफान भी नहीं बुझा सकता। वहीं, राजा पृथु ने भगवत गुणगान सुनने के लिए यज्ञ नारायण से दस हजार कानों की श्रवण क्षमता मांगी थी। उन्होंने कहा कि कोई भी शास्त्र जीव हिंसा की अनुमति नहीं देता। गृहस्थ जीवन उत्तम है, पर उसमें आसक्ति के बजाय भक्ति का समावेश होना चाहिए। वही संबंध सार्थक और शाश्वत हैं, जो भक्ति का आचरण सिखाएं। आयोजन में रामअवतार, अशोक कुमार, विजय कुमार, अजय कुमार व कैलाश चंद्र पाटोदिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण कर रहे हैं। मंच संचालन पंडित अशोक व्यास ने किया।

99 वर्ष की आयु में अडिग धार्मिक संकल्प : 51 शक्तिपीठों व 12 ज्योतिर्लिंगों की यात्रा पर निकले महावीर प्रसाद मानसिंगका का किया स्वागत

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



धर्म, सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में दशकों से सक्रिय 99 वर्षीय श्री महावीर प्रसाद मानसिंगका ने 51 शक्तिपीठों एवं 12 ज्योतिर्लिंगों की एक वर्षीय पावन यात्रा का संकल्प लिया है। इसी क्रम में शुक्रवार को भीलवाड़ा आगमन पर बड़ला चौराहा स्थित मानसिंगका परिवार की बगीची में सवामणी एवं भव्य भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों, परिवारजनों और शुभचिंतकों ने उनका आत्मीय स्वागत व सम्मान करते हुए यात्रा की सफलता के लिए मंगलकामनाएं दीं। मानसिंगका परिवार के सदस्य राकेश मानसिंगका ने बताया कि इस एक वर्षीय धार्मिक यात्रा का शुभारंभ वृंदावन धाम स्थित मां कात्यायनी शक्तिपीठ मंदिर में 17 से 23 नवंबर तक आयोजित यज्ञ के साथ हुआ। इसके पश्चात उन्होंने 24 नवंबर को सालासर बालाजी, 25 नवंबर को पुष्कर स्थित मणिबंध शक्तिपीठ और 26 नवंबर को धनोप माता जी के दर्शन किए। शुक्रवार रात्रि भीलवाड़ा में विश्राम के बाद वे शनिवार, 28 नवंबर को विराटनगर स्थित अंबिका शक्तिपीठ के दर्शन कर पुनः वृंदावन धाम के लिए प्रस्थान करेंगे। आयोजन के दौरान उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने शिक्षा और जनकल्याण के क्षेत्र में उनके ऐतिहासिक योगदान को स्मरण किया। भीलवाड़ा में सेठ मुरलीधर मानसिंहका कन्या महाविद्यालय एवं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की स्थापना के साथ-साथ धनोप माता व झातला माता मंदिर परिसर सहित देश के विभिन्न तीर्थ स्थलों पर यात्रियों के लिए निःशुल्क धर्मशालाओं के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। शतायु के करीब होने के बावजूद धर्म और समाज सेवा के प्रति उनका यह अटूट समर्पण समारोह में मौजूद सभी लोगों के लिए प्रेरणा का केंद्र बना रहा।

प्रतिभाशाली विद्यार्थी सम्मानित संविधान दिवस पर सामूहिक शपथ

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा



स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विजेता छात्रों के सम्मान के साथ विद्यालय में संविधान दिवस पर प्रश्नोत्तरी व सामूहिक शपथ का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी डॉ. परमेश्वर प्रसाद कुमावत के अनुसार आसींद में आयोजित आशु भाषण प्रतियोगिता में शाहपुरा के विद्यार्थियों ने सफलता दर्ज की।

वरिष्ठ वर्ग के अंग्रेजी माध्यम में चारवी बारहठ और हिंदी माध्यम में श्रेया कुमावत प्रथम रहीं, जबकि कनिष्ठ वर्ग के अंग्रेजी माध्यम में गुंजन आसवानी और हिंदी में गुंजन मीणा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रभारी अध्यापिका र%ा टेलर रहीं। कोटडी में आयोजित योगा ओलंपियाड की व्यक्तिगत स्पर्धा में निर्मल धाकड़ दूसरे स्थान पर रहे, वहीं निर्मल धाकड़ व मयंक खटीक की जोड़ी ने टीम स्पर्धा में तीसरा स्थान पाया। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक त्रिलोक खटीक के मार्गदर्शन में कार्यवाहक प्रधानाचार्य राजेश कुमार धाकड़ व स्टाफ ने विजेताओं का उत्साहवर्धन किया। संविधान दिवस पर वंदना सभा में हुई प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया तथा ईएलसी प्रभारी डॉ. परमेश्वर प्रसाद कुमावत ने सामूहिक शपथ दिलाई। इस दौरान स्थानीय बीएलओ लोकेश चौधरी और देवेंद्र रैगर मौजूद रहे।

फुटबॉल शिविर में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन अनुशासन और नशामुक्ति का दिया संदेश



लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय बिग्रड चैंपियन डॉ. मोहम्मद इशाक ने स्थानीय ईदगाह मैदान पर आयोजित फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का दौरा कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। उनके साथ शारीरिक शिक्षक व कोच हबीब खान तथा सेवानिवृत्त एएसआई चिराग खान भी मौजूद रहे। शिविर में करीब 50 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। दौरे के दौरान खिलाड़ियों के बीच दो टीमों में मैत्रीपूर्ण मुकाबला कराया गया। इससे पूर्व अतिथियों ने प्रिंसिपल सैयद सदाक़त अली के साथ खिलाड़ियों से परिचय कर खेल की बारीकियों से अवगत कराया। अतिथियों ने कहा कि खेल शारीरिक-मानसिक विकास के साथ जीवन में अनुशासन सिखाते हैं। उन्होंने 'व्यसन मुक्त जीवन ही स्वस्थ जीवन है' का संदेश देते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने और नियमित अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। कार्य म में पार्षद यूसुफ सिलावट, शब्बीर आज़ाद, एडवोकेट ताज मोहम्मद, सत्तार खान, बाबू खांजी, रफीक रंगरेज व अन्य वरिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों ने अतिथियों का आभार जताया और सलीम खान की निःशुल्क सेवाओं की सराहना की।

संविधान दिवस पर आइकन में मूट कोर्ट का आयोजन



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

संविधान दिवस के अवसर पर आइकन इंस्टिट्यूट द्वारा आयोजित मूट कोर्ट प्रतियोगिता में क्लैट के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। आरएएस की तैयारी कर रहे छात्रों का भी इसमें सहयोग रहा। मुख्यरूप से देशना जैन, शिवम् पंवार, जीविका जैन, खुशी जाट, ध्वनि जैन, जिया पेशवानी, मितांशु तालम्बिया, गणेश सेन, अंशुल माहेश्वरी, गौतम श्रोत्रिय व प्रियल सेन ने भाग लिया। मूट कोर्ट के लिए एक काल्पनिक हत्या का मामला तैयार किया गया। विद्यार्थियों के दो गुटों ने अभियोजन और बचाव पक्ष बनकर अपनी दलीलें पेश कीं। सुनवाई के बाद विवेक मेघवंशी, रोशन धाकड़ और राजेंद्र सिंह की खंडपीठ ने अपना फैसला सुनाया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को न्यायालय की कार्यवाही और कानूनी तर्क-वितर्क का अनुभव मिला। कार्य म का समन्वय सौरभ खंडेलवाल और विवेक मेघवंशी ने किया।

नाम संशोधन

हमारी संस्था का नाम भारतीय जैन संगठना था जो पंजीकरण बाद भारतीय जैन संगठना संस्थान हो गया इसे इस नाम से जाना जावे।

अध्यक्ष/मंत्री/कोषाध्यक्ष

स्वामी भगतप्रकाश जी महाराज कल आयेंगे भीलवाड़ा

भीलवाड़ा। श्री अमरापुर स्थान जयपुर के प्रेमप्रकाश मंडलाध्यक्ष सतगुरू स्वामी भगतप्रकाश जी महाराज 1 दिवसीय प्रवास पर भीलवाड़ा पधार रहे है। प्रेमप्रकाश सेवा मण्डली के अध्यक्ष परमानंद गुरनानी ने बताया कि सतगुरू स्वामी भगतप्रकाश जी महाराज अपनी संतमण्डली के साथ 28 नवम्बर शनिवार को दोपहर नीमच से प्रस्थान करते हुए भीलवाडा प्रवेश करेगें। स्वामीजी का यहाँ सत्संग कार्यक्रम प्रेमप्रकाश आश्रम, स्मृतिवन के सामने, हरणी महादेव रोड पर सांय 4 बजे से 7 बजे तक रखा गया है। गुरू महाराज जी अपनी अमृतमयी मधुर वाणी से सत्संग का रसपान करायेगें। गुरू महाराज जी के भीलवाडा आगमन पर प्रेमप्रकाश सेवा मण्डली व सिन्धी समाज में उत्साह की लहर है।



अन्नपूर्णा रसोई का एसडीएम ने किया निरीक्षण इंटरनेट व प्रिंटर के अभाव में टोकन व्यवस्था बाधित

लोकजीवन न्यूज सर्विस, आसींद



उपखंड अधिकारी विकास मोहन भाटी ने गुरुवार को नगर पालिका क्षेत्र के आश्रय स्थल में संचालित अन्नपूर्णा रसोई का औचक निरीक्षण कर उपलब्ध व्यवस्थाओं और सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान रसोई में इंटरनेट और प्रिंटर जैसी बुनियादी सुविधाएं नदारद मिलीं। रसोई स्थल पर न तो इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध पाई गई और न ही प्रिंटर की व्यवस्था मिली। प्रिंटर उपलब्ध नहीं होने के कारण भोजन करने वाले लाभार्थियों को टोकन जारी नहीं किए जा पा रहे हैं, जिससे संचालन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम विकास मोहन भाटी ने व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा और रसोई कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि राज्य सरकार की अन्नपूर्णा रसोई योजना का लाभ हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। साथ ही उन्होंने रसोई संचालन के समय कर्मचारियों की नियमित व समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अचानक हुए इस निरीक्षण के बाद आश्रय स्थल में संचालित अन्नपूर्णा रसोई में इंटरनेट व प्रिंटर की सुविधा जल्द उपलब्ध होने और व्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

कुंड गेट विद्यालय में मनाया संविधान दिवस



शाहपुरा । राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंड गेट में प्रार्थना सभा में 77 वा संविधान दिवस मनाया गया। संस्था प्रधान देवी लाल बेरवा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान के बारे में और संविधान सभा के गठन को लेकर विस्तार से जानकारी दी । इस अवसर पर वर्षा व्यास सुनीता समदानी, समीक्षा काबरा, जाह्नवी ओझा, नुसरत जहां, भव्या सोनी, जूही वैष्णव, उमा वैष्णव उपस्थित थे।

शाहपुरा को पुनः जिला बनाने की मांग तेज, कल सौंपेंगे 18वां स्मरण पत्र

शाहपुरा। अभिभाषक संस्था के तत्वावधान में जिला बहाल करो संघर्ष समिति द्वारा शाहपुरा को पुनः जिले का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर शनिवार, 28 नवम्बर 2026 को प्रातः 11:15 बजे उपखण्ड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम 18वां स्मरण पत्र सौंपा जाएगा। इस दौरान आदर्श आचार संहिता का पूर्ण पालन करते हुए सरकार को शाहपुरा को जिला बनाने का वादा याद दिलाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में शाहपुरा विधायक की उपस्थिति में संघर्ष समिति और मुख्यमंत्री के बीच जयपुर में वार्ता हुई थी, जिसमें शाहपुरा को वापस जिला बनाने का सकारात्मक आश्वासन दिया गया था। लेकिन डेढ़ वर्ष बीत जाने के बावजूद सरकार द्वारा जिले का दर्जा बहाल नहीं किए जाने से आमजन में आक्रोश व्याप्त है। संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया है कि वह जनता से किए गए वादों को पूरा कराने के लिए कटिबद्ध है।

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन / FY26-27/MUT/5357

:- आम सूचना :

एतद्द्वारा श्री दीपक पुत्र श्री मनोहर लाल सुरिया राजस्व ग्राम आटून की आराजी 442 गैर योजना में कृषि भूखण्ड संख्या-77 की साईज 15x40=66.66 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा किया गया।

उक्त भूखण्ड श्रीमती भंवर कंवर पत्नी श्री रणवीर सिंह राठौड़ को विक्रय किया एवं इनके द्वारा श्री दिलीप सिंह भाटी पुत्र श्री भंवर सिंह भाटी को विक्रय किया गया।

श्री दिलीप सिंह भाटी पुत्र श्री भंवर सिंह भाटी द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतु न्यास में ऑन लाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नही की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नही होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः आवास/ UIT-BHLWRA/FY26-27/MUT/4969 दिनांक :-26.11.2026

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा श्रीमती सन्तोष आचार्य पिता श्री जयराज आचार्य को न्यास की PATEL NAGAR (E.W.S) योजना में आवास गृह / फ्लेट संख्या 9-E-35 साईज 12x30=40.00 वर्गगज जरिये लॉटरी द्वारा दिनांक 21.07.2007 को आवंटन किया गया था।मूल आवंटी/आवंटिया श्रीमती सन्तोष आचार्य के द्वारा उक्त आवासगृह संख्या 9-E-35 साईज 12x30=40.00 वर्गगज श्री कैलाश शर्मा पिता श्री रामचन्द्र शर्मा को दिनांक 12.02.2019 को पंजीकृत विक्रय किया गया, तत्पश्चात क्रमांकः आवास/एफ12/18/1718 दिनांक 20.02.2019 को न्यास द्वारा श्री कैलाश शर्मा के पक्ष में ऑफलाईन नामान्तरण किया गया, अन्तिम नामान्तरणधारी श्री कैलाश शर्मा के द्वारा उक्त आवासगृह को श्रीमती भगवती कंवर पत्नी श्री हिम्मतसिंह पंवार को दिनांक 01.07.2020 को पंजीकृत विक्रय किया गया, श्रीमती भगवती देवी की दिनांक 31.07.2022 को मृत्यु हो चुकि हैं। न्यास द्वारा श्रीमती भगवती देवी के पक्ष में नामान्तरण नहीं किया गया है, श्रीमती मोनिका सिंह द्वारा उक्त आवासगृह यश बैंक से जरिये नीलामी दिनांक 06.07.2026 से क्रय किया गया है।अतिम क्रेता श्रीमती मोनिका सिंह पत्नी श्री सुरेन्द्र सिंह सिंघी के द्वारा उक्त आवास गृह/फ्लेट संख्या 9-E-35 साईज 12x30=40.00 वर्गगज के द्वारा नामान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में अपनी उजर / ऐतराज मय सबूत/ दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद गुजरने आगामी कार्यवाही संपादित की जावेगी।

प्रभारी अधिकारी,नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः आवास/ UIT-BHLWRA/FY26-27/MUT/5499 दिनांक :-25.11.2026

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा श्री आत्माराम मीणा पिता श्री मादूराम मीणा को न्यास की NEHRU VIHAR (T.N.) योजना में आवास गृह / फ्लेट संख्या 15/179 साईज 20x40=88.88 वर्गगज जरिये लॉटरी दिनांक 14.09.2013 को आवंटन किया गया।आवंटी श्री आत्माराम मीणा के द्वारा आवास गृह / फ्लेट संख्या 15/179 साईज 20x40=88.88 वर्गगज जरिये मु.आम श्री मुकेश कुमार खटीक पिता श्री श्यामलाल खटीक के द्वारा श्रीमती सुनिता सुथार पत्नी श्री सुरेश सुथार को दिनांक 01.10.2018 को पंजीकृत विक्रय किया गया, श्रीमती सुनिता सुथार के द्वारा श्रीमती जमना देवी पत्नी श्री प्रहलाद सुथार को दिनांक 11.12.2025 को पंजीकृत विक्रय किया गया।

अन्तिम क्रेता श्रीमती जमना देवी पत्नी श्री प्रहलाद सुथार के द्वारा उक्त आवास गृह के नामान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में अपनी उजर / ऐतराज मय सबूत/दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने आगामी कार्यवाही संपादित की जावेगी।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

कार्यालय नगर निगम, भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांक / ननिभी. / राजस्व/2026/16477 दिनांकः 26/11/2026

-: आम सूचनाः-

श्री खेलदास पिता श्री धर्मदास सिन्धी निवासी भीलवाडा को तत्कालीन नगर पालिका भीलवाड़ा द्वारा अधिकार पत्र संख्या 282 मिसल संख्या रिपयूजी कॉलोनी दिनांक 15.01.1957 भूखण्ड रिपयूजी कॉलोनी, सिन्धु नगर, भीलवाडा में भूखण्ड संख्या 52-बी साईज 50'x40' वर्गफिट का बापी अधिकार पत्र जारी किया गया था। श्री खेलदास पिता श्री धर्मदास सिन्धी की मृत्यु दिनांक 01.01.1996 को हो जाने से उक्त भूखण्ड पर उनके थिथिक वारीसान श्री अशोक कुमार भावनानी, श्री दयाराम भावनानी, श्रीमती रूकमणी, श्रीमती ज्योति, श्री हरिशचन्द्र, श्री महादेव भावनानी व श्री पुरूषोतम पिता श्री खेलदास सिन्धी मालिक व काबिज हुए। श्री हरिशचन्द्र पिता श्री खेलदास सिन्धी की मृत्यु दिनांक 17.02.2002 को हो जाने से उनके हक हिस्से पर उनके थिथिक वारीसान श्रीमती हीरा देवी पत्नी स्व. श्री हरिश चन्द्र, श्री राजकुमार, श्री पवन कुमार, श्री प्रकाश भावनानी पिता स्व. श्री हरिश चन्द्र मालिक काबिज हुए। श्री अशोक कुमार भावनानी, श्री दयाराम भावनानी, श्री जयराम दास भावनानी, श्रीमती रूकमणी, श्रीमती ज्योति पिता श्री खेलदास सिन्धी, श्रीमती हीरा देवी पत्नी स्व. श्री हरिश चन्द्र, श्री राजकुमार, श्री पवन कुमार, श्री प्रकाश भावनानी पिता स्व. श्री हरिश चन्द्र ने उक्त भूखण्ड में अपने निहित हक हिस्से को जरिये पंजिकृत रिलीज डीड दिनांक 16.06.2016 को श्री महादेव भावनानी व श्री पुरूषोतम पिता श्री खेलदास सिन्धी के पक्ष में हक परित्याग कर दिया। श्री महादेव भावनानी व श्री पुरुषोतम पिता श्री खेलदास सिन्धी ने उक्त सम्पूर्ण भूखण्ड जरिये पंजिकृत विक्रय पत्र दिनांक 25.04.2017 को श्री कमल कोरानी पिता श्री शीतल दास कोरानी को विक्रय कर दिया।श्री कमल कोरानी पिता श्री शीतल दास कोरानी ने नगर निगम भीलवाड़ा में ऑनलाईन आवेदन के साथ शपथ पत्र, पंजिकृत विक्रय पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की फोटोप्रति अपलोड कर उपरोक्त भूखण्ड संख्या 52-बी साईज 50'x40' वर्गफिट के नामान्तरण हेतु निवेदन किया हैं। जिस पर स्वायत्त शासन विभाग की अधिसूचना क्रमांकः प. 8 (ग) (1) नियम / डी.एल.बी./20/39126 दिनांक 15/01/2020 अनुसार भूखण्ड का नामान्तरण किया जाना हैं।अतः समस्त खास आम को सूचित किया जाता हैं कि पंजिकृत विक्रय पत्र के आधार पर उपरोक्त भूखण्ड संख्या 52-बी साईज 50' x40' वर्गफिट श्री कमल कोरानी पिता श्री शीतल दास कोरानी के पक्ष में नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस के भीतर इस कार्यालय में लिखित प्रमाणित दस्तावेजो के साथ प्रस्तुत करें। समय अवधि के बाद नामान्तरण की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी।

प्रभारी अधिकारी (राजस्व)
नगर निगम, भीलवाड़ा

कार्यालय नगर निगम, भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांक / ननिभी./ राजस्व/2026/16385 दिनांकः 25/11/2026

-: आम सूचना :-

श्री कुशल सिंह पुत्र श्री तेजपाल मेहता को नगर विकास न्यास भीलवाडा द्वारा शास्त्री नगर विस्तार में भूखण्ड सं. 187-ए साईज 30'X64'=213.33 वर्गगज का 99 वर्षीय लीज होल्ड राईटस् पर दिया गया था। वर्तमान में उक्त भूखण्ड श्रीमती रेखा जैन पत्नी श्री दिनेश कुमार के नाम से नामान्तरित होकर दर्ज है। उक्त भूखण्ड श्रीमती रेखा जैन पत्नी श्री दिनेश कुमार ने श्री गिरिराज मेलाना पुत्र श्री सत्यनारायण मेलाना को पंजीकृत विक्रय किया गया। LSG/BHILWARA/MUT/2026-27/216920 से ऑनलाईन आवेदन किया गया।

श्री गिरिराज मेलाना पुत्र श्री सत्यनारायण मेलाना ने निगम् में ऑनलाईन आवेदन के साथ शपथ-पत्र, पंजीकृत विक्रय-पत्र व पूर्व में जारी नामान्तरण आदेश की फोटो प्रति अपलोड कर उपरोक्त भूखण्ड का नामान्तरण हेतु निवेदन किया है। जिस पर स्वायत्त शासन विभाग की अधिसुचना क्रमांकः प.8 (ग) (1) नियम/डी.एल.बी./20/39126 दिनांक 15/01/2020 के अनुसार भुखण्ड का नामान्तरण किया जाना है।

अतः समस्त खास आम को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत विक्रय-पत्र के आधार पर श्री गिरिराज मेलाना पुत्र श्री सत्यनारायण मेलाना के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नामान्तरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस के भीतर इस कार्यालय में लिखित प्रमाणित दस्तावेजो के साथ प्रस्तुत करें। समय अवधि के बाद नामान्तरण की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी।

प्रभारी अधिकारी (राजस्व)
नगर निगम, भीलवाड़ा

कार्यालय नगर निगम, भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांक / ननिभी./ राजस्व/2026/16385 दिनांकः 25/11/2026

-: आम सूचना :-

श्री कुशल सिंह पुत्र श्री तेजपाल मेहता को नगर विकास न्यास भीलवाडा द्वारा शास्त्री नगर विस्तार में भूखण्ड सं. 187-ए साईज 30'X64'=213.33 वर्गगज का 99 वर्षीय लीज होल्ड राईटस् पर दिया गया था। वर्तमान में उक्त भूखण्ड श्रीमती रेखा जैन पत्नी श्री दिनेश कुमार के नाम से नामान्तरित होकर दर्ज है। उक्त भूखण्ड श्रीमती रेखा जैन पत्नी श्री दिनेश कुमार ने श्री गिरिराज मेलाना पुत्र श्री सत्यनारायण मेलाना को पंजीकृत विक्रय किया गया। LSG/BHILWARA/MUT/2026-27/216920 से ऑनलाईन आवेदन किया गया।

श्री गिरिराज मेलाना पुत्र श्री सत्यनारायण मेलाना ने निगम् में ऑनलाईन आवेदन के साथ शपथ-पत्र, पंजीकृत विक्रय-पत्र व पूर्व में जारी नामान्तरण आदेश की फोटो प्रति अपलोड कर उपरोक्त भूखण्ड का नामान्तरण हेतु निवेदन किया है। जिस पर स्वायत्त शासन विभाग की अधिसुचना क्रमांकः प.8 (ग) (1) नियम/डी.एल.बी./20/39126 दिनांक 15/01/2020 के अनुसार भुखण्ड का नामान्तरण किया जाना है।

अतः समस्त खास आम को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत विक्रय-पत्र के आधार पर श्री गिरिराज मेलाना पुत्र श्री सत्यनारायण मेलाना के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नामान्तरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस के भीतर इस कार्यालय में लिखित प्रमाणित दस्तावेजो के साथ प्रस्तुत करें। समय अवधि के बाद नामान्तरण की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जाव

पूर्व सरकार ने शाहपुरा जिला बनाया, आपने खत्म किया, लोगों में नाराजगी, पंचायत चुनाव हारे

भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य बैरवा ने सीएम को जिला बनाने के लिए लिखा पत्र

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शाहपुरा में संविधान दिवस 26 नवम्बर को भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य एवं निवर्तमान सरपंच सत्यप्रकाश बैरवा ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को पत्र लिखकर शाहपुरा को पुनः जिला बनाने की मांग की है।

बैरवा ने पत्र में बताया कि शाहपुरा का रियासत काल से ही एक स्वतंत्र एवं गौरवशाली प्रशासनिक इकाई के रूप में अस्तित्व रहा है। शाहपुरा केवल एक कस्बा नहीं, बल्कि इतिहास, संस्कृति, वीरता और प्रशासनिक परम्परा का प्रतीक रहा है। यहाँ की जनता ने सदैव राष्ट्र और प्रदेश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।यह अत्यंत खेद का विषय है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् 77वें संविधान दिवस, 26 नवम्बर 2026 तक भी शाहपुरा को जिले का स्थायी दर्जा प्राप्त नहीं हो सका। शाहपुरा और उसके आस-पास के क्षेत्र में निवास करने वाली लाखों जनता के लिए यह निरन्तर उपेक्षा का कारण बना हुआ है।

बैरवा ने पत्र में लिखा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शाहपुरा को जिला बनाने का निर्णय लिया गया था, जिससे क्षेत्र की जनता में आशा और प्रसन्नता का संचार हुआ था। परन्तु वर्तमान सरकार के गठन के पश्चात् शाहपुरा से जिले का दर्जा वापस ले लिया गया, जिससे समस्त क्षेत्रवासियों में गहरी निराशा, क्षोभ और असंतोष व्याप्त हो गया। तब से जिला बचाओ संघर्ष समिति, शाहपुरा के नेतृत्व में क्षेत्र की जनता द्वारा पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीके से शाहपुरा को पुनः जिला बनाने की निरन्तर मांग की जा रही है। ज्ञापन, धरना, प्रदर्शन और जनसभाओं के माध्यम से जनता अपनी भावना राज्य सरकार के समक्ष रखती आ रही है। इसके बावजूद अभी तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है।

सरकार के प्रति बढ़ रही नाराजगी

बैरवा ने साफ कहा कि जिला खत्म करने के कारण क्षेत्रीय जनता में राज्य सरकार के प्रति नाराजगी निरन्तर बढ़ती जा रही है। इसका प्रत्यक्ष प्रभाव वर्ष 2026 में सम्पन्न हुए नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में भी स्पष्ट रूप से देखने को मिला है, जहाँ जनता ने अपने असंतोष को लोकतांत्रिक माध्यम से व्यक्त किया है।

इसलिए जरूरी शाहपुरा जिला

शाहपुरा भौगोलिक दृष्टि से भी जिला मुख्यालय बनने की समस्त अर्हताएं पूर्ण करता है। यहाँ से दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को जिला मुख्यालय भीलवाड़ा तक जाने में अत्यधिक समय, धन और कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जिला बनने से प्रशासन जनता के द्वार तक पहुँचेगा, विकास कार्यों में गति आएगी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और न्याय व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा कानून व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी। बैरवा ने मांग की है कि सरकार पुनर्विचार करते हुए शाहपुरा को पुनः जिला बनाए।

उद्योगों की ऋण आवश्यकताएं पूरी करने के लिए हर संभव प्रयासः साबू

मेवाड़ चैंबर में यूको बैंक का उद्यमियों से संवाद





लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

भीलवाड़ा का औद्योगिक क्षेत्र विकास और विस्तार की अपार संभावनाओं के साथ आगे बढ़ रहा है। यहां का क्रेडिट-डिपॉजिट रेशियो इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्र में ऋण की व्यापक मांग है। यूको बैंक इस अवसर को समझते हुए भीलवाड़ा के उद्योगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप ऋण उपलब्ध कराने के लिए बैंक हरसंभव प्रयास करेगा। हम कहीं से भी फंड की व्यवस्था कर उद्योगों की जरूरतों के लिए पूंजी उपलब्ध कराने को तत्पर हैं, क्योंकि उद्योगों की समृद्धि में ही बैंक की समृद्धि निहित है। ये विचार यूको बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ राजेन्द्र कुमार साबू ने मेवाड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से आयोजित आपसी संपर्क वार्ता में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बैंक से ऋण लेने के लिए उद्यमियों को अनावश्यक रूप से कतारों में खड़े होने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि बैंक का स्टाफ स्वयं उद्यमियों तक पहुंचकर उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सेवाएं प्रदान करेगा। यूको बैंक उद्योगों को न्यूनतम संभव ब्याज दर पर पूंजी उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहेगा। उद्योगों का विकास होगा तो बैंकों का विकास भी सुनिश्चित होगा। इससे पूर्व यूको बैंक के अजमेर जोनल मैनेजर आर.के. मिश्रा ने बैंक की विभिन्न योजनाओं एवं वित्तीय सुविधाओं की जानकारी दी। मेवाड़ चैम्बर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. आर.सी. लोढ़ा ने स्वागत उद्बोधन में उद्योगों की अपेक्षाओं और बैंकिंग क्षेत्र से उनकी आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूर्वाध्यक्ष डॉ. पी.एम. बेसवाल, मानद महासचिव आर.के. जैन, बैंकर्स क्लब के सचिव एल.एल. गांधी, क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन के पी.आर. तोतला, भीलवाड़ा ऑटोमोबाइल एसोसिएशन के राजेश अग्रवाल, बैंक ऑफ बड़ौदा के सुरेन्द्र बिरानी एवं सिद्धार्थ दरड़ा, एचडीएफसी बैंक के गौरव नागपाल, पंजाब नेशनल बैंक के सुनील दत्त, सेंट्रल बैंक के राजेन्द्र सैनी, अर्बन बैंक के हेमेन्द्र कौशिक, सीसीबी के आशुतोष मेहता सहित विभिन्न बैंकों एवं औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

गर्ल्स कॉलेज में संविधान गौरव दिवस मनाया

भीलवाड़ा । सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में 'संविधान गौरव दिवस' मनाया गया। मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल थे। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा राव ने की।

माणिक्यलाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.एल. जागेटिया विशिष्ट अतिथि थे।

कन्या महाविद्यालय की प्रथम सेमेस्टर की छात्रा काजल आचार्य ने 'मूल कर्तव्यों' के महत्व पर प्रकाश डाला। एम.एल.वी. राजकीय महाविद्यालय की छात्रा कोमल स्वामी ने 'संविधान के महत्व' विषय पर उद्बोधन दिया। से.मु.मा. कन्या महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान की सह-आचार्य डॉ. शोभा गौतम ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना बताई। सांसद अग्रवाल ने संविधान गौरव दिवस मनाने के उद्देश्यों को स्पष्ट किया। उन्होंने प्रस्तावना के मूल मंत्र हम भारत के लोग के आधार पर संविधान में निहित राष्ट्रीय एकता का वर्णन किया। सांसद ने विगत समय में राजनीति द्वारा संविधान की आत्मा को विकृत करने के प्रयासों का उल्लेख भी किया। छात्राओं के साथ एक संवादात्मक प्रश्नोत्तरी सत्र हुआ। मंच संचालन डॉ.शोभा गौतम तथा सुखपाल सिंह राठौड़ ने किया। डॉ. संतोष कुमार सोरठा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

राजस्थान रोडवेज कर्मचारी को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

जोधपुर । राजस्थान हाईकोर्ट, जोधपुर ने राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (रोडवेज) के कर्मचारी धर्मवीर सिंह को बड़ी अंतरिम राहत प्रदान की है। अधिवक्ता। श्रवण सिंह निरबाण की प्रभावी पैरवी के बाद माननीय राजस्थान हाईकोर्ट ने वेतन पुनर्निर्धारण के आधार पर कर्मचारी से कथित अधिक भुगतान की वसूली पर अंतरिम रोक लगा दी है।प्रकरण के अनुसार, चूरू जिले की सादुलपुर तहसील के गांव देवार निवासी धर्मवीर सिंह ने राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के अधिकारियों द्वारा जारी वेतन पुनर्निर्धारण आदेश के आधार पर कथित अधिक भुगतान की राशि वसूलने की कार्रवाई को चुनौती देते हुए राजस्थान हाईकोर्ट में सिविल रिट याचिका दायर की थी। इस मामले में न्यायाधीश कुलदीप माथुर ने 16 नवंबर 2026 को आदेश पारित करते हुए याचिका पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही स्थगन प्रार्थना-पत्र पर भी नोटिस जारी किए गए।हाईकोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश में स्पष्ट किया कि आगामी आदेश तक रोडवेज प्रशासन याचिकाकर्ता से वेतन पुनर्निर्धारण के आधार पर कथित अधिक भुगतान की राशि की वसूली नहीं करेगा। अधिवक्ता। श्रवण सिंह निरबाण की पैरवी से कर्मचारी को फिलहाल बड़ी राहत मिली है। मामले में आगे की सुनवाई पर सभी की निगाहें रहेंगी।

पालने में आई हौसले की नवजात : महज एक किलो वजन, मौत को मात देने की जिद

वेंटिलेटर पर जिंदगी की जंग लड़ रही नन्ही जान, बाल कल्याण समिति ने नाम दिया चिंगारी

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

रात करीब 9.20 बजे का वक्त, जब शहर की गलियां सन्नाटे में डूबने लगी थीं, तब महात्मा गांधी चिकित्सालय की मातृ एवं शिशु इकाई स्थित पालना गृह की घंटी ने एक मार्मिक दस्तक दी।

किसी अज्ञात ने महज एक किलोग्राम वजनी नवजात बालिका को पालना गृह की गोद में सौंप दिया। घंटी बजते ही एनआईसीयू वार्ड का नर्सिंग स्टाफ दौड़कर पहुंचा। पालने में पड़ी वह नन्ही सी जान ठंडी पड़ चुकी थी। स्टाफ ने बिना एक पल गंवाए उसे अपनी ममतामयी गोद में



समेटा और सीधे वार्ड में लाकर इलाज शुरू किया। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. इंदिरा सिंह चौहान ने जब बच्ची की जांच की, तो मामला बेहद संवेदनशील निकला। बच्ची का जन्म घर पर होम डिलीवरी हुआ



प्रतीत हो रहा था और उसकी नाभि पर साधारण धागा बंधा हुआ था। करीब छह माह के गर्भ समय से काफी पूर्व में ही दुनिया में आ जाने के कारण उसका वजन महज एक किलो है। शरीर में गंभीर संक्रमण और सांस लेने में हो रही भारी तकलीफ को देखते हुए डॉक्टरों ने तुरंत उसे वेंटिलेटर पर शिफ्ट किया। फिलहाल वह जीवन और मृत्यु के बीच जिंदगी की सबसे कठिन जंग लड़ रही है।

बुझने न पाए उम्मीद की यह लौ, नाम दिया चिंगारी

घटना की सूचना मिलते ही बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष चंद्रकला ओझा के निर्देश पर सदस्य विनोद राव अस्पताल पहुंचे और नन्ही जान की सुध ली। समिति ने इस मासूम को चिंगारी नाम दिया है—यह नाम इस उम्मीद के साथ रखा गया है कि विपरीत परिस्थितियों और मौत के साये के बावजूद जीवन की यह लौ कभी बुझने न पाए। समिति ने अस्पताल प्रशासन को बेहतर उपचार व सुरक्षा के लिए पत्र भी लिखा। डॉ. इंदिरा सिंह चौहान की निगरानी में चिकित्सकों और एनआईसीयू वार्ड प्रभारी सुनील पोरवाल के निर्देशन में नर्सिंग स्टाफ की टीम दिन-रात एक कर रही है। हर पल उसकी धड़कनों और सांसों पर नजर रखी जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि परिजन भले ही किसी मजबूरी या असहायता में उसे छोड़ गए हों, लेकिन उन्होंने बच्ची को खुले में फेंकने के बजाय पालना गृह का सुरक्षित रास्ता चुना। यही एक सही फैसला आज चिंगारीज के लिए जीवनरक्षक साबित हो रहा है।

संविधान निर्माण में अंबेडकर का ऐतिहासिक योगदानः अग्रवाल

संविधान गौरव दिवस पर भाजपा एससी मोर्चा ने किया अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

संविधान गौरव दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, भीलवाड़ा की ओर से रेलवे स्टेशन स्थित डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सर्किल पर माल्यार्पण किया गया।

सांसद दामोदर अग्रवाल, मेयर जसवंत कंवर, डिप्टी मेयर राधेश्याम सोमानी एवं एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष घनश्याम सिंगीवाल के सानिध्य में कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, न्याय एवं सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार प्रदान करता है। संविधान केवल देश के संचालन का दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता का मजबूत आधार है। उन्होंने कहा कि डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने संविधान निर्माण में ऐतिहासिक



योगदान देकर देश को एक ऐसी व्यवस्था प्रदान की, जिसमें प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार और अवसर प्राप्त हैं। संविधान के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ-साथ उसके मूल आदर्शों और मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करना भी हम सभी का दायित्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संविधान की भावना, सामाजिक न्याय, समानता और वंचित वर्गों के उत्थान के संकल्प को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने सभी से संविधान के प्रति निष्ठा रखते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।भाजपा जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी ने बताया कि कैलाश पटेल, दयाराम दिव्या, प्यार खटीक, दीपक खटीक, संदीप पायक, सुनील बेरवा, भैरूलाल सालवी रमेश कोहली ,प्रकाश मेहरा,राजकुमार आचलिया,कल्पेश चौधरी गोपाल तेली, भूपेंद्र सिंह बलिया, मुकेश सोनी, मंजू पालीवाल ,पुनीत प्रताप सिंह थानसेन चंदेल ,भरत राजावत दयाराम दिव्य आदि उपस्थित रहे। अंत में सभी ने बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित कर संविधान के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

गौशालाओं के कार्यों को लोक सेवा गारंटी एक्ट के दायरे में लाएं: कोठारी

विधायक ने पशुपालन मंत्री को लिखा पत्र

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने प्रदेश में पंजीकृत गौशालाओं से संबंधित कार्यों को राजस्थान लोक सेवा गारंटी अधिनियम- 2011 के अंतर्गत सम्मिलित करने की मांग को लेकर पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत को पत्र लिखा है।



विधायक कोठारी ने गौशालाओं को समयबद्ध तरीके से भूमि आवंटन तथा विभिन्न श्रेणी के गौवंश के लिए देय अनुदान राशि का निश्चित समयावधि में भुगतान सुनिश्चित करने की आवश्यकता जताई है। प्रदेश में गौवंश के संवर्द्धन, संरक्षण एवं गौपालन के लिए अनेक सामाजिक संगठन और संस्थाएं कार्य करना चाहती हैं, लेकिन भूमि आवंटन में विलंब तथा अनुदान राशि का समय पर भुगतान नहीं होने के कारण इन संस्थाओं की कार्य करने की रुचि प्रभावित होती है। इससे गौसेवा एवं गौसंरक्षण के कार्यों को भी गति नहीं मिल पाती। कोठारी ने बताया कि गौशालाओं से संबंधित इन कार्यों को राजस्थान लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 के अंतर्गत शामिल करने के संबंध में विधानसभा के तृतीय सत्र में तारांकित प्रश्न लगाया था। प्रश्न के उत्तर में जन अभियोग निराकरण विभाग के शासन उपसचिव द्वारा बताया गया कि पंजीकृत गौशालाओं को भूमि आवंटन तथा विभिन्न श्रेणी के गौवंश के लिए देय अनुदान राशि का निश्चित समयावधि में भुगतान सुनिश्चित करने हेतु उक्त अधिनियम के अंतर्गत सेवाएं जोड़ने का प्रस्ताव विभागीय स्तर पर विचाराधीन नहीं है। साथ ही, संबंधित विभाग से समुचित प्रस्ताव प्राप्त होने पर सेवाओं को अधिसूचित करने की प्रक्रिया अपनाई जाती है।

विधायक कोठारी ने कहा कि प्रदेश में गौशालाओं को भूमि आवंटन के कई प्रकरण लंबे समय से लंबित हैं। भूमि आवंटन में देरी के कारण गौशालाओं को मिलने वाले अनुदान एवं अन्य कार्यों में भी विलंब होता है। ऐसे में गौपालन संस्थाओं को समय पर भूमि उपलब्ध करवाना और अनुदान राशि का निर्धारित समयावधि में भुगतान सुनिश्चित करना आवश्यक है।

भावुक माहौल में श्री चंचल कंवर म.सा.को चातुर्मासिक विदाई

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

आचार्य भगवन् 1008 श्री रामलालजी महाराज साहब के उपाध्याय प्रवर श्री राजेश मुनिजी महाराज साहब एवं उनके अद्यज्ञानुवर्तनी शासन दीपिका महासती श्री चंचल कंवर जी महाराज साहब आदि ठाणा चार का नाडी मोहल्ला में चातुर्मास ऐतिहासिक एवं धर्म आराधना से परिपूर्ण रहा।

चातुर्मास की पूर्णाहुति पर आयोजित विदाई समारोह में श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक समिति के अध्यक्ष गोवर्धन सिंह कावड़िया ने कहा कि गुरुणी जी के सानिध्य में चातुर्मास काल में हमारा जीवन धर्म-संयम, अहिंसा और ज्ञान के प्रकाश



से आलोकित रहा, आपकी वाणी ने हमें आत्म- चिंतन ,क्षमा और समता का मार्ग दिखाया। संघ संरक्षक रामसिंहजी चौधरी, जितेंद्र डांगी एवं भूपेंद्र सिंघवी ने भी विचार व्यक्त किए। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के महामंत्री पारसमल कुकड़ा ने संचालन किया। महिला मंडल की अध्यक्ष मधु लोढ़ा ने आभार जताया। संघ के दरियाव सिंह सिंघवी को चातुर्मास सेवा रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। भजनों के माध्यम से दी गई विदाई ने पूरे वातावरण को भावुक कर दिया। विदाई के समय श्रावक-श्राविकाओं की आंखें नम थीं।

टांक क्षत्रिय समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 1 से अजमेर में

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

अखिल भारतीय श्री टाक क्षत्रिय समाज का 25 वां सिल्वर जुबली तथा 51 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 1, 2 व 3 दिसंबर को अजमेर में होगा। इसका राष्ट्रीय टीम ने भीलवाड़ा समाज को निमंत्रण दिया।

आजाद नगर अंबेश हॉस्पिटल के पीछे टाक समाज भवन में बैठक आयोजित हुई, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष मेड़ता गौतम टाक , पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेंद्र टाक बेंगलुरु, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री श्री राम रतन टाक जयपुर, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गोपीलाल टाक, क्षेत्रीय संरक्षक भगवती लाल टाक मंचासीन थे। क्षेत्रीय संरक्षक चतुर्भुज टाक, उपाध्यक्ष सुरेश टाक,मंत्री विजय टाक, युवा अध्यक्ष अभिनव टाक व कार्यकारिणी ने अतिथियों का स्वागत किया। सेवानिवृत बैंक अधिकारी सत्यनारायण टाक ने स्वागत उद्बोधन दिया। संचालन राष्ट्रीय संगठन मंत्री बाबूलाल टाक ने किया। आभार मंत्री विजय टाक ने जताया। गौतम टाक ने क्षेत्रीय भवन में एक कमरे की तथा विजेंद्र टाक बेंगलुरु ने पूर्व दिए कमरों के लिए एसी व फर्नीचर की घोषणाएं की। बैठक में गोपाल टाक (डाबला), राजकुमार टाक, कुलदीपक टाक, धीरज टाक सत्यनारायण टाक (बापू नगर) रमेश चंद्र (नेताजी), रोहित टॉक, लक्ष्मी नारायण टाक, प्रदीप टाक आदि स्व जातील बंधु उपस्थित थे।

जानवर को बचाने के प्रयास में बेकाबू हुई कार, पुलिया पर पलटी, टली बड़ी अनहोनी

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

बिजौलिया क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे ने परिवार की सांसें अटका दीं। सड़क पर अचानक आए जानवर को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और पलट गई। गनीमत रही कि कार करीब 50 से 60 फीट ऊंची बांका पुलिया से नीचे नहीं गिरी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। बिजौलिया थाने के दीवान दल्लाराम के अनुसार, पटेलनगर, देवली निवासी पवन सोमानी बूंदी में एलआईसी में कार्यरत हैं। सुबह वे अपनी प%ी आरती सोमानी और मां सीता देवी के साथ वैगनआर कार से चित्तौड़गढ़ से बूंदी जा रहे थे। सुबह करीब बांका पुलिया के पास अचानक एक जानवर कार के सामने आ गया। उसे बचाने के लिए चालक ने कार मोड़ी, लेकिन वाहन नियंत्रण से बाहर होकर विपरीत दिशा में चला गया और डिवाइडर से जोरदार भिड़ंत के बाद पलट गया। हादसे के समय सामने से कोई अन्य वाहन नहीं आ रहा था और कार पुलिया की मुंडेर के पास ही रुक गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना में कार सवार मां सीता देवी के सिर में गंभीर चोट आई, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए कोटा रेफर किया गया। वहीं बेटा पवन सोमानी और बहू आरती सोमानी को मामूली चोटें आईं। सूचना मिलते ही बिजौलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची, घायलों को अस्पताल भिजवाया और क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवाकर हाईवे पर यातायात सुचारु करवाया। राजमार्गों और पुलियों पर आवारा व वन्यजीवों की आवाजाही वाहन चालकों के लिए बड़ा खतरा बनी हुई है। समय पर सहायता मिलने और कार के पुलिया से नीचे न गिरने से परिवार की जान बच गई, लेकिन ऐसे हादसों को रोकने के लिए सुरक्षा इंतजामों को और मजबूत करने की आवश्यकता है।

कार्यालय नगर निगम भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांक: ननिभी/राजस्व/2026-27/16211 दिनांक : 20.11.2026

-: ऑनलाईन निविदा सूचना 10/2026-27 वर्ष :-

क्र. सं.	कार्य का विवरण	ई-निविदा विक्रय/डाउनलोड/प्राप्ति तिथि	ई-निविदा खोलने की दिनांक	ई-निविदा शुल्क	कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में)
1	नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा संचालित सामुदायिक भवनों का रख-रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था के कार्य हेतु (सामुदायिक भवन की संख्या 15)	दिनांक 20.11.2026 प्रातः 09:30 से दिनांक 07.12.2026 सायं 6:00 बजे तक	08.12.2026 को प्रातः11:00 बजे	1000/-	18.00 लाख

NIB CODE :- DLB2627A9923
UBN CODE :- DLB2627GLOB24888

आयुक्त
नगर निगम, भीलवाड़ा

राज.संवाद/सी/26/13689

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम

कार्यालय मुख्य प्रबन्धक भीलवाड़ा अजमेर, मेवाड़ बेड़-भीलवाड़ा-311001 (राज.), Email : rsrtc.cmbhl@gmail.com & cmbhl.rsrtc@rajasthan.gov.in

निविदा सूचना

निगम के केन्द्रीय बस स्टेण्ड भीलवाड़ा पर निम्नलिखित स्टॉल/बूथ एवं अन्य हेतु लाईसेन्सी नियुक्त किया जाना है:-

क्र. सं.	स्टॉल की प्रकृति	साईज	मासिक न्यूनतम फीस अनुमानित लागत	विवरण
1	केन्टीन 2	15 X 12	144946 रूपये	फेन्सी स्टोर के दायी ओर दूसरी स्टॉल
2	कम्प्यूटर ई-मित्र फोटो कॉपी न्यूज पेपर	15 X 8	7175 रूपये	केन्टीन प्रथम के बायी ओर
3	बेकरी शॉप से सम्बन्धित आईटम	15 X 8	12706 रूपये	पुलिस चौकी के दायी ओर
4	गजक, रेवडी, फ्रेश फ्रुट, फ्रुट ज्यूस	15 X 8	27500 रूपये	केन्टीन प्रथम के बायी ओर द्वितीय रिक्त स्टॉल
5	इलेक्ट्रॉनिक्स आईटम, मोबाईल शॉप, बुक स्टॉल	15 X 8	18666 रूपये	फैन्सी स्टोर के दायी ओर व केन्टीन द्वितीय के बांयी ओर
6	शुलभ कॉम्प्लेक्स	40 X 26	57147 रूपये	फैंसी स्टॉल एवं सीढियों के पास

निविदा प्रपत्र एवं शर्तें निर्धारित राषि 200/-रूपये, जीएसटी नियमानुसार अतिरिक्त नकद जमा करवाकर निम्नहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकतें है । निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित क्रम संख्या 1 एवं 6 के लिए धरोहर राशि रूपये 25000/- रू एवं क्रम संख्या 2 से 5 तक के लिए धरोहर राशि 15,000/- रू नकद अथवा डी.डी./बैंकर्स चैक मुख्य प्रबन्धक राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम भीलवाडा के नाम हो के रूप में जमा करानी होगी । निर्धारित धरोहर राशि जमा कराये बिना प्रस्ताव मान्य नहीं होंगे ।

इच्छुक व्यक्ति/संस्थान अपने प्रस्ताव दिनांक 08.12.2026 को मध्यान्ह पश्चात् 15.00 बजे तक निम्नहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष सील्ड लिफाफे में प्रस्तुत कर सकतें है, जो उसी दिन सायं 15.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोले जावेगें । किसी भी प्रस्ताव या प्रस्तावों को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का निगम को पूर्ण अधिकार होगा। अधिक जानकरी हेतु कार्यालय समय में निम्नहस्ताक्षरकर्ता से संपर्क करें।

UBN : RTC2627SLOB00636

राज.संवाद/सी/26/13661 विज्ञापन संख्या 290/2026-27 मुख्य प्रबंधक

नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा राजस्थान सरकार

क्रमांक : LU2012/BHL/2026-27/101019 दिनांक : 25.11.2026

विषय :- राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क के अधीन कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने।

संशोधित आम सूचना

मामले में संक्षिप्त तथ्य निम्नानुसार है :-

श्री CHETAN PRAKASH MUNOT पुत्र श्री NEMICHAND MUNOT जाति MUNOT निवासी KUMUD VIHAR K1 BHILWARA

श्री VIKAS MUNOT पुत्र श्री CHETAN PRAKASH MUNOT जाति MUNOT निवासी KUMUD VIHAR K1 BHILWARA

श्रीमति SHAKUNTALA CHETAN PRAKASH MUNOT पत्नी श्री CHETAN PRAKASH MUNOT जाति MUNOT निवासी KUMUD VIHAR K1 BHILWARA

श्रीमति SURBHI SURIYA पुत्री श्री PRAKASH CHAND SURIYA जाति SURIYA निवासी 6-C-11 PANI KI TANI ROAD RC VYAS COLONY

ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	मण्डपिया भीलवाड़ा (भीलवाड़ा)	CHETAN PRAKASH MUNOT S/O NEMICHAND MUNOT HISSA 1/4 VIKAS MUNOT S/O CHETAN PRAKASH MUNOT HISSA 1/4, SHAKUNTALA MUNOT W/O CHETAN PRAKASH MUNOT HISSA 1/4, SURBHI SURIYA D/O PRAKASH CHAND SURIYA HISSA 1/4	552	6575	0.6575
2	मण्डपिया भीलवाड़ा (भीलवाड़ा)	CHETAN PRAKASH MUNOT S/O NEMICHAND MUNOT HISSA 1/4 VIKAS MUNOT S/O CHETAN PRAKASH MUNOT HISSA 1/4, SHAKUNTALA MUNOT W/O CHETAN PRAKASH MUNOT HISSA 1/4,SURBHI SURIYA D/O PRAKASH CHAND SURIYA HISSA 1/4	119	2276	0.2276
		कुल			0.8851

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90 A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर के अधीन आज 25.11.2026 को जारी की गई।

प्राधिकृत अधिकारी
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक सम्पादक मुद्रक कैलाश त्रिवेदी द्वारा लोकजीवन मीडिया एण्ड पब्लिशर्स, नागौरी गार्डन भीलवाड़ा से मुद्रित एवं 207-214 नागौरी गार्डन, लोकजीवन कॉम्प्लेक्स, भीलवाड़ा से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा ही होगा। आर.एन.आई. नं. 27201/76 पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026, (मो.) 83067-92625 फोन नं. 355985, जयपुर कार्यालय : D-38, प्रधान पथ, चौमू हाउस, सी स्कीम, जयपुर फोन : 0141-4038281, E-mail : lokjeewan@gmail.com

न्यूज इन बाक्स

वार्ड 57 की जनसमस्याओं के समाधान को लेकर महापौर को सौंपा ज्ञापन



भीलवाड़ा। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया की वार्ड 57, सांगानेर से पार्षद प्रत्याशी राधा खटीक ने वार्ड की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर नगर निगम महापौर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से राधा खटीक ने वार्ड में आमजन को हो रही परेशानियों एवं मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं से महापौर को अवगत कराया। उन्होंने वार्डवासियों की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाने तथा क्षेत्र में आवश्यक विकास कार्य करवाने की मांग रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को प्रशासन और जनप्रतिनिधियों तक पहुँचाना उनकी प्राथमिकता है, और वार्ड के विकास व आमजन को राहत दिलाने के लिए वे लगातार प्रयासरत रहेंगी।

माधव गौशाला में 11 हजार रुपए के वार्षिक सहयोग से ले सकेंगे एक गौ-माता को गोद

भीलवाड़ा। परम पूज्य माधव गौ विज्ञान अनुसंधान संस्थान ने गौ-भक्तों से नौगांवा स्थित माधव गौशाला में गौ-वंश को गोद लेने का विनम्र आह्वान किया है। संस्थान के अध्यक्ष डी.पी. अग्रवाल ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार गोपाष्टमी के दिन ही भगवान श्रीकृष्ण ने पहली बार गायों को चराने के लिए वन में प्रस्थान किया था और तभी से वे गोपाल कहलाए। इसी आदर्श का अनुसरण करते हुए संस्थान सैकड़ों गौ-माताओं की निरंतर सेवा में जुटा है। इस पुनीत कार्य में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष पहल की गई है, जिसके तहत कोई भी गौ-भक्त 11 हजार रुपये की वार्षिक सहयोग राशि भेंट कर एक गौ-माता के पूरे वर्ष के भरण-पोषण का संकल्प ले सकता है। इस राशि का उपयोग वर्ष भर हरा चारा, सूखा भूसा, खली, पौष्टिक तत्व, टीकाकरण, नियमित स्वास्थ्य जांच, औषधियों, स्वच्छ पेयजल और छायादार आवास की व्यवस्था में किया जाएगा। इच्छुक दानदाता पंजाब नेशनल बैंक शाखा गांधीनगर, पुर रोड, में संस्थान के खाते में सीधे सहयोग राशि जमा करवा सकते हैं।

जगदीश चंद्र जोशी को भामाशाह सम्मान से नवाजा



भीलवाड़ा । गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा नई दिल्ली-राजस्थान प्रांत की ओर से भीलवाड़ा में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में समाजसेवी जगदीश चंद्र जोशी (मांडल) को भामाशाह सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आयोजनकर्ता पूरणमल जोशी के नेतृत्व में आयोजित समारोह में उनके सामाजिक एवं सेवा कार्यों की सराहना की गई। महासभा के अनुसार जगदीश चंद्र जोशी का परिवार लंबे समय से सेवा और परोपकार की परंपरा निभा रहा है। उनके पिता स्व. बंशीलाल जोशी शिक्षा विभाग में प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त हुए थे और समाज में दानवीर एवं विद्यादानी के रूप में पहचान रखते थे। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जगदीश चंद्र जोशी कंपाउंडर के रूप में लोगों की सेवा करने के साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय हैं। सम्मान समारोह में निम्बार्क आश्रम के महंत, भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया एवं महापौर जसवंत कंवर ने सम्मान-पत्र देकर उनका अभिनंदन किया। महासभा की ओर से जोशी परिवार के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, सुख-समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

रामधाम विरक्ताश्रम में गीता जयंती प्रवचनमाला की तैयारियां शुरू

भीलवाड़ा। शहर के रामधाम विरक्ताश्रम में 12 से 20 दिसंबर 2026 तक गीता जयंती प्रवचनमाला का आयोजन किया जाएगा। समत्वं योग उच्यते विषय पर आधारित इस नौ दिवसीय आयोजन में महामंडलेश्वर स्वामी अनंतदेव महाराज के श्रीमुख से श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन मिलेगा। ट्रस्ट अध्यक्ष सूर्यप्रकाश मानसिंहका एवं सचिव अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि आयोजन के तहत 12 से 19 दिसंबर तक प्रतिदिन प्रातः 9 से 10 बजे तक प्रवचन होंगे, जिसमें श्रीमद्भगवद्गीता के अध्याय 2 के 48वें श्लोक *योगस्थः कुरु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा धनञ्जय। सिद्धयसिद्धयोः समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते* पर विशेष चिंतन किया जाएगा। 9 दिन, 1 श्लोक की इस श्रृंखला में परीक्षा या व्यापार में नतीजे की चिंता से मन के उलझने, जीत में विनम्र और हार में स्थिर रहने तथा प्रशंसा व आलोचना के बीच कर्तव्य निभाने जैसे व्यावहारिक विषयों पर चर्चा होगी। प्रतिदिन अंतिम 10 मिनट में पर्ची से एक परिवार चुना जाएगा, जिसकी हर पीढ़ी श्लोक से जुड़े अपने अनुभव साझा करेगी। रविवार, 13 दिसंबर को प्रातः 10 रविवार, 20 दिसंबर को मोक्षदा एकादशी के अवसर पर प्रातः 7:30 से 9:30 बजे तक गीता-मर्मज्ञ आचार्य प्रोफेसर महावीर भट्ट के सान्निध्य में संपूर्ण गीता पाठ और महाराजश्री का समापन प्रवचन होगा।

नेत्र शिविर में 40 रोगियों की जांच 10 के हुए मोतियाबिंद ऑपरेशन



भीलवाड़ा। मानव सेवा संस्थान की ओर से जिला अंधता नियंत्रण सोसायटी, सेठ चिरंजीलाल रमेशचंद्र मानसिंहका चैरिटेबल ट्रस्ट एवं स्पर्श हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन सुभाष नगर स्थित टंकी के बालाजी पर किया गया। संस्थान के महामंत्री राजेंद्र मानसिंहका ने बताया कि शिविर में 40 रोगियों को स्पर्श हॉस्पिटल की अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन डॉ. कृष्णा हेड़ा (पूर्व अनुभवी चिकित्सक, गोमाबाई नेत्रालय नीमच) द्वारा परामर्श दिया गया। शिविर में चयनित 10 रोगियों के ऑपरेशन टंकी के बालाजी के पास स्थित स्पर्श हॉस्पिटल में किए जा रहे हैं। ऑपरेशन हो चुके रोगियों को चश्मे एवं दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की जाएंगी। ट्रस्ट के संयोजक पंकज मानसिंहका व सुनील मानसिंहका ने बताया कि शिविर में मरीजों के खाने-पीने व रहने की व्यवस्था निःशुल्क की गई है। शिविर के शुभारंभ पर विपिन चंद्र पारीक, विनीत कुमार शर्मा आदि मौजूद थे। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. जी. के. मिश्रा ने बताया कि यह शिविर हर माह की 26 तारीख को आयोजित होता है, जिसका अधिक से अधिक नेत्र रोगियों को लाभ उठाना चाहिए।

कोटड़ी के तालाबों पर अतिक्रमण व सीवरेज मामले में एनजीटी सख्त, कलेक्टर को कार्रवाई के निर्देश

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सेंट्रल जोन बेंच, भोपाल ने भीलवाड़ा जिले के कोटरी तहसील स्थित धरमाऊ तालाब और फतेहसागर तालाब के किनारों व कैचमेंट एरिया में अवैध अतिक्रमण तथा फतेहसागर तालाब में घरेलू सीवरेज के संभावित प्रवाह के मामले में कड़े निर्देश दिए हैं। न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति शिव कुमार सिंह और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. प्रशांत गार्गव की पीठ ने 25 नवंबर 2026 को हुई सुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर को पुराने रिकॉर्ड के आधार पर तालाबों की सही पहचान व सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए हैं।

संयुक्त समिति की रिपोर्ट में सामने आई स्थिति

यह मामला विष्णु कुमार वैष्णव बनाम राजस्थान राज्य (मुख्य सचिव के माध्यम से) व अन्य (मूल आवेदन संख्या 38/2025 सीजेड) से जुड़ा है, जिसमें कोटरी गांव के धरमाऊ और फतेहसागर तालाबों के कैचमेंट क्षेत्र व किनारों पर अवैध अति मण का मुद्दा उठाया गया है। सुनवाई के दौरान गठित संयुक्त समिति ने अपनी तथ्यात्मक एवं कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें फतेहसागर तालाब में घरेलू सीवरेज जाने की संभावना और कुछ अति मणों का उल्लेख सामने आया है।

पीसीबी ने जिला परिषद को भेजा पत्र

एनजीटी के आदेश के अनुसार, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) ने जिला परिषद भीलवाड़ा को पत्र जारी कर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं, ताकि जलाशयों में घरेलू सीवरेज का प्रवाह न हो और यदि कोई अति मण है तो उसे हटाया जाए।

तीन सप्ताह में मांगी एक्शन टेकन रिपोर्ट

पीठ ने जिला कलेक्टर को निर्देशित किया है कि वे पुराने अभिलेखों के अनुसार माप-जोख कर जलाशयों की सही पहचान व सीमांकन करें और नियमानुसार अति मण पाए जाने पर उसे तुरंत हटाएं। मामले में आगे की कार्रवाई रिपोर्ट तीन सप्ताह के भीतर दाखिल करने को कहा गया है। साथ ही, जिन प्रतिवादियों ने अभी तक जवाब पेश नहीं किया है, उन्हें दो सप्ताह में जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। अगली सुनवाई 15 जनवरी 2027 को निर्धारित की गई है।

आउटडोर लोकेशन्स और पारिवारिक संवेदनाओं के साथ 'शुभ शगुन शहनाइयाँ' का प्रीमियर 30 को

इंदौर। ज़ी टीवी अपने नए फैमिली ड्रामा 'शुभ शगुन शहनाइयाँ' को बड़े आउटडोर शेड्यूल्स और भव्य प्रोडक्शन के साथ पेश करने की तैयारी में है। लखनऊ में लंबे आउटडोर शूट के बाद अब शो की यूनिट अगले शूटिंग शेड्यूल के लिए जयपुर पहुँची है, जहाँ पिंक सिटी की असली लोकेशन्स पर दृश्यों को फिल्माया जा रहा है। मुंबई में हुए लॉन्च इवेंट के बाद फहमान खान, बृंदा दहल, ज्योति मुखर्जी सहित अन्य कलाकार जयपुर पहुंचे और शहर के रंगीन परिवेश में कहानी को पर्दे पर उतारने में जुटे हैं।



स्टूडियो की सीमित सेटिंग से आगे बढ़कर वास्तविक लोकेशन्स पर की जा रही शूटिंग से कहानी में स्वाभाविकता और जीवंतता जुड़ रही है। भव्य सेट्स और अलग-अलग शहरों में हो रहे आउटडोर शूट के माध्यम से चैनल दर्शकों को अधिक समृद्ध दृश्य अनुभव देने का प्रयास कर रहा है, जिससे किरदारों और परिवेश से जुड़ाव और गहरा हो सके। 'शुभ शगुन शहनाइयाँ' की कथा सुधा (ज्योति मुखर्जी) नामक माँ के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जिनका सबसे बड़ा ध्येय अपनी चारों बेटियों के लिए योग्य जीवनसाथी तलाशना है। सुधा के लिए यह सफर केवल विवाह संपन्न कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह चाहती हैं कि उनकी बेटियाँ अपने जीवन में सुखी और प्रतिष्ठित रूप से बसें तथा उनके परिवार फलते-फूलते रहें। यह एक ऐसे मध्यमवर्गीय परिवार की कहानी है, जहाँ संस्कारों, परंपराओं और आत्मसम्मान को सर्वोच्च महत्व दिया जाता है। रिश्तों, विवाह और जीवन के महत्वपूर्ण निर्णयों के बीच परिवार अपने मूल्यों और मान-मर्यादा को अक्षुण्ण रखने का हर संभव प्रयास करता है।कहानी में नया मोड़ वेदांत (फहमान खान) और अमूल्या (बृंदा दहल) के संवाद और टकराव से आता है। जीवन और रिश्तों को लेकर दोनों की सोच भिन्न है और इन्हीं भिन्न दृष्टिकोणों के बीच प्रेम, पारिवारिक भावनाएँ, अप्रत्याशित बदलाव तथा रोजमर्रा की संवेदनाएँ आगे बढ़ती हैं। पारिवारिक मूल्यों और बड़े प्रोडक्शन के संगम वाला यह शो 30 नवंबर से सोमवार से रविवार रात 10 बजे ज़ी टीवी और ज़ी5 पर प्रसारित होगा।

बनास नदी में अवैध बजरी खनन पर पुलिस की दबिश, एक गिरफ्तार व पांच वाहन जब्त

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जिले की बनास नदी में अवैध बजरी खनन और परिवहन का खेल एक बार फिर बेनकाब हुआ है। बदलीयास थाना पुलिस ने श्रीपुरा और सोपुरा के बीच बनास नदी में दबिश देकर अवैध खनन के ठिकाने पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया, जिसमें मौके से पांच वाहन जब्त किए गए और एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी जसवंत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम 25 नवंबर को क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन की रोकथाम के लिए गश्त कर रही थी। इसी दौरान जीवा का खेड़ा चौराहे पर मुखबिर से सूचना मिली कि श्रीपुरा और सोपुरा के बीच बनास नदी में पुलिया के पास नदी के बाईं तरफ बने बजरी के स्टॉक से जेसीबी मशीनों के जरिए ट्रेलर में बजरी भरी जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम बिना समय गंवाए मौके पर पहुंची। वहां दो जेसीबी मशीनों से ट्रेलर में बजरी भरने का काम चल रहा था। पुलिस की मौजूदगी भनक लगते ही अधिकांश वाहन चालक अपने वाहन छोड़कर खेतों की ओर भाग निकले। हालांकि, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक ट्रेलर चालक को मौके पर ही दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रहलाद गुर्जर (23) पुत्र छोटूलाल गुर्जर निवासी रामनगर, थाना कोटड़ी के रूप में हुई है।

पुलिस ने घटनास्थल से दो जेसीबी मशीन, एक ट्रेलर, बजरी से भरी एक बिना नंबर की ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक मोटरसाइकिल जब्त कर थाने पर खड़ा करवाया है। मामले में संगठित होकर अवैध बजरी खनन और परिवहन करने का प्रकरण दर्ज किया गया है तथा खनिज विभाग को भी अलग से सूचना दी गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जसवंत सिंह के साथ हेड कांस्टेबल सांवल्दान, कांस्टेबल विनोद कुमार, विनोद कुमार, अशोक कुमार और बनवारी लाल शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध खनन में लिप्त तत्वों में हड़कंप जरूर मचा है, लेकिन फरार चालकों और खनन नेटवर्क के सरगनाओं तक पहुंचने के लिए गहन जांच और सख्त निगरानी बेहद जरूरी है, ताकि बनास नदी के पारिस्थितिकी तंत्र और राजस्व की क्षति को रोका जा सके।

कॉलेज के लिए निकली 18 वर्षीय छात्रा लापता परिजनों में हड़कंप, पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले

भीलवाड़ा। शहर में कॉलेज छात्राओं के लापता होने की सिलसिलेवार घटनाओं ने अभिभावकों और पुलिस की चिंता बढ़ा दी है। सुभाषनगर थाना क्षेत्र से कॉलेज जाने के लिए घर से निकली 18 वर्षीय छात्रा के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है, जिसके बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार, सुभाषनगर थाना क्षेत्र निवासी साढ़े 18 वर्षीय कॉलेज छात्रा कॉलेज जाने के लिए घर से रवाना हुई थी। देर शाम तक जब वह न तो कॉलेज से लौटी और न ही घर पहुंची, तो चिंतित परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। रिश्तेदारों और संभावित ठिकानों पर तलाश करने के बावजूद जब कोई सुराग नहीं मिला, तो परेशान पिता ने गुरुवार को सुभाषनगर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है। घर से निकलते समय छात्रा ने नीले रंग का सलवार-सूट पहन रखा था। पुलिस अब छात्रा के घर से कॉलेज जाने वाले मार्गों और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह किन परिस्थितियों में और किस दिशा में गई।

गौरतलब है कि इससे पहले भी कोतवाली थाना क्षेत्र से एक कॉलेज छात्रा के लापता होने का मामला सामने आ चुका है, जिसका स्कूटर कॉलेज परिसर में मिला था। शहर से लेकर जिले तक नाबालिगों, युवाओं, छात्र-छात्राओं और बुजुर्गों के गुम होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

शहर में छात्र-छात्राओं के लापता होने की बढ़ती घटनाएं सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। पुलिस को तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द से जल्द छात्रा का पता लगाकर परिजनों को राहत देनी चाहिए।

कंवलियास में कल से जुटेंगे जिले के दिग्गज हैंडबॉल खिलाड़ी, राज्य स्तरीय टीम का होगा चयन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जिले के हैंडबॉल खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने और राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करने का सुनहरा अवसर आ गया है। जिला हैंडबॉल संघ, भीलवाड़ा के तत्वावधान में 49वीं जिला स्तरीय सीनियर हैंडबॉल (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता का भव्य आयोजन 28 और 29 नवंबर 2026 को कंवलियास (हुरड़ा) स्थित खेल मैदान में किया जाएगा। संघ के सचिव तेजप्रताप सिंह ने बताया कि 28 नवंबर (शनिवार) से शुरू होने वाले इस दो दिवसीय खेल महाकुंभ में जिले भर की सीनियर पुरुष और महिला टीमें अपना दमखम दिखाएँगी।

प्रतियोगिता के दौरान चयनकर्ताओं की नजर खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी। यहां से चयनित सर्वश्रेष्ठ पुरुष एवं महिला टीमें आगामी 8 से 11 दिसंबर तक महावीर (करौली) में आयोजित होने वाली 49वीं राज्य स्तरीय सीनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता में भीलवाड़ा का प्रतिनिधित्व करेंगी। संघ अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने स्पष्ट किया कि नियमों के तहत प्रतियोगिता में केवल उन्हीं खिलाड़ियों को प्रवेश दिया जाएगा, जिनका राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ की आधिकारिक वेबसाइट पर पंजीकरण है। प्रत्येक खिलाड़ी के पास आरएसएचए पिन नंबर होना अनिवार्य है। जिन्होंने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, वे वेबसाइट पर लॉगिन कर अपना रजिस्ट्रेशन तुरंत पूरा कर सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने की इच्छुक टीमों को शुक्रवार शाम 6 बजे से पूर्व अपनी प्रविष्टि (एंट्री) दर्ज करवानी होगी। टीमें अपना पंजीयन आयोजन सचिव ओमप्रकाश नायक के पास करवा सकती हैं।

रामधाम गौशाला में स्वजनों की स्मृति में गोपाल व अभिषेक अग्रवाल ने लीं पांच गौमाता गोद

भीलवाड़ा। हमीरगढ़ रोड स्थित श्री रामधाम रामायण मंडल ट्रस्ट द्वारा संचालित रामधाम गौशाला में निराश्रित गोवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए चलाई जा रही एक गौमाता गोद लें मुहिम को भामाशाहों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। ट्रस्ट के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश मानसिंहका एवं सचिव अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि सूखे खाखले के भावों में हुई तीन गुना वृद्धि के बीच गौशाला के 400 से अधिक गोवंश की सेवा के लिए शुरू किए गए इस अभियान के तहत, मूल रूप से मीठड़ी निवासी एवं हाल मुकाम बद्दी प्रवासी गोपाल अग्रवाल एवं अभिषेक अग्रवाल (मीठड़ी परिवार) ने अपने पांच स्वजनों की स्मृति में एक साथ पांच गौमाताएं गोद लेकर अनुकरणीय मिसाल पेश की है। उन्होंने ट्रस्ट को 55 हजार रुपये की सहयोग राशि भेंट की है। ट्रस्ट प्रवक्ता गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि अभियान के तहत प्रति गौमाता 11 हजार रुपये वार्षिक के सहयोग से गोविंद खेमका, गोविंद सुवालका, नारायण छीपा, गौरव कुमार सुखवाल, बृजेश मिश्रा तथा विमल, भवानी, आर्यमान और आर्यावीर अरोड़ा सहित एक गुप्त सहयोगी ने भी एक-एक गौमाता गोद ली है।

मेडिकल स्टोर्स पर औचक निरीक्षण: एक मिला बंद, दूसरे पर दवाओं की बिक्री में खामियां

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही, दवाओं के सैंपल लेकर किए दस्तावेज जब्त

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरुवार को शहर के दो अलग-अलग इलाकों में स्थित मेडिकल स्टोर्स पर औचक निरीक्षण किया गया। औषधि नियंत्रण विभाग की इस कार्रवाई के दौरान एक दुकान बंद पाई गई, जबकि दूसरे मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित श्रेणी (शेड्यूल-एच1) और इंजेक्टेबल दवाओं के रिकॉर्ड संधारण में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। टीम ने जांच के लिए दवाओं के सैंपल लेकर आवश्यक दस्तावेज जब्त किए हैं। विभागीय टीम सबसे पहले न्यू बापू नगर स्थित शुभान केयर मेडिकल स्टोर पर जांच के लिए पहुँची, लेकिन मौके पर दुकान बंद मिली। अधिकारियों ने जब फर्म संचालक प्रीति सिंह से मोबाइल पर संपर्क किया, तो उन्होंने बताया कि वे अपने पति के साथ बाहर रहती हैं और दुकान की चाबियां सुनील चौधरी के पास हैं। दुकान बंद होने के कारण मौके पर स्टॉक व दस्तावेजों की भौतिक जांच नहीं हो सकी। इसके बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के उप निदेशक डॉ. दिलराज मीणा के साथ संयुक्त टीम ने तिलक नगर रोड, बागता बाबा क्षेत्र स्थित हरिसेवा मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। जांच के समय फर्म संचालक सागर कुमार जेठानी और रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट सतीश जेठानी दुकान पर मौजूद मिले। यहाँ दवाओं के रखरखाव के लिए रेफ्रिजरेटर की व्यवस्था और फर्म का लाइसेंस नियमानुसार सही पाया गया। हालांकि, रिकॉर्ड की गहन पड़ताल करने पर अनियमितताएं उजागर हुईं। फर्म संचालक कुछ शेड्यूल-एच1 और इंजेक्टेबल दवाओं की बिक्री का पूरा विवरण व पक के बिल पेश नहीं कर सके। इसके अलावा, नियमों के तहत अनिवार्य शेड्यूल-एच1 का रजिस्टर भी संधारित नहीं पाया गया। टीम ने औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत गुणवत्ता जांच के लिए जॉयमोल एम डीएस, मेफनीवेल-पी डीएस सस्पेंशन और डेफसिकोट 6 सहित अन्य दवाओं के नमूने लिए।

निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर के पास संचालित क्लीनिक को लेकर भी अधिकारियों ने पूछताछ की। इस पर संचालक ने स्पष्ट किया कि डॉ. गौरव कुमार पहाड़ियां उनके परिचित हैं और वे कभी-कभार यहां आकर बिना किसी शुल्क के मरीजों को परामर्श देते हैं। विभाग ने लिए गए दवाओं के सैंपल और संबंधित दस्तावेजों को सुरक्षित कर लिया है, जिन्हें आगे की कानूनी व जांच प्रक्रिया के लिए भेजा जाएगा।

कार बाजार में चोरों की सेंधमारी, गेट व अलमारी तोड़कर 18 बैटरियां और केबल तार ले उड़े

भीलवाड़ा। शहर में चोरी की वारदातों पर अंकुश नहीं लग पाने से व्यापारियों में चिंता बढ़ती जा रही है। सुभाषनगर थाना क्षेत्र में सुखाड़िया सर्किल के पास स्थित कार बाजार को निशाना बनाते हुए चोरों ने 18 बैटरियां और तांबे व केबल के तार चोरी कर लिए। पीड़ितों की रिपोर्ट के अनुसार, बीती रात अज्ञात चोर वेलकम और माही कार बाजार में घुसे। चोरों ने वहां गेट और अलमारी तोड़कर भीतर रखा सामान खंगाला और 18 बैटरियां तथा कीमती तार समेटकर फरार हो गए। गुरुवार सुबह जब संचालक पहुंचे और चोरी की जानकारी मिली, तो कार बाजार संचालकों में हड़कंप मच गया। घटना को लेकर शान, जाकिर और गजानंद शर्मा गुरुवार 26 नवंबर को सुभाषनगर थाने पहुंचे और थानाधिकारी को लिखित शिकायत सौंपी। पीड़ितों ने पुलिस से चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, चोरी गया सामान बरामद करने और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। कारोबारी प्रतिष्ठानों और बाजारों में लगातार हो रही चोरियों ने व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

गंगा माई की बेटियाँ' में बड़ा ट्विस्ट : पूर्वी की ब्लैकमेलिंग से घिरा सिद्धू, स्नेहा से रिश्ता तोड़ने को मजबूर

मुम्बई। ज़ी टीवी के चर्चित धारावाहिक 'गंगा माई की बेटियाँ' की कहानी अब एक बेहद संवेदनशील और नाटकीय मोड़ पर पहुँच गई है, जहाँ प्यार, परिवार और भरोसे के बीच फंसे किरदारों की असली परीक्षा होने वाली है। पूर्वी की ब्लैकमेलिंग के चलते सिद्धू का परिवार इस कदर बेबस हो जाता है कि सिद्धू की शादी पूर्वी से करवाने के सिवाय उनके पास कोई विकल्प नहीं बचता। हालात का दबाव इतना बढ़ जाता है कि सिद्धू के पिता भी इस विवाह को अपनी स्वीकृति दे देते हैं। पारिवारिक मजबूरियों और संभावित परिणामों के बीच घिरा सिद्धू आखिरकार स्नेहा के साथ अपना रिश्ता खत्म करने का कड़ा फैसला ले लेता है। इस अप्रत्याशित निर्णय का सीधा असर स्नेहा और गंगा माई के साथ सिद्धू के संबंधों पर पड़ना तय माना जा रहा है। इस भावनात्मक ट्रैक को लेकर स्नेहा की भूमिका निभा रहीं अमनदीप सिद्धू ने बताया कि यह दौर उनके लिए बेहद चुनौतीपूर्ण और संवेदनशील रहा है। उनके अनुसार,



स्नेहा यह बखूबी समझती है कि सिद्धू पर परिवार की अपेक्षाओं का कितना भारी दबाव है, लेकिन जब अपना ही प्रियजन दूसरों को बचाने के लिए दूरी बना लेता है, तो वह पीड़ा बेहद गहरी होती है। अमनदीप ने कहा कि इस दृश्य में स्नेहा की ठगी और बेबसी को जीवंत करने के लिए उन्हें खुद को एक विशेष भावुक अवस्था में ढालना पड़ा। वहीं, सिद्धू का किरदार निभा रहे शीज़ान खान ने इसे मानसिक रूप से थका देने वाला अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि बिना अधिक संवादों के भीतर चल रहे द्वंद्व को पर्दे पर उतारना आसान नहीं था। परिवार को बचाने के लिए अपने सबसे करीबी इंसान का दिल तोड़ने की कशमकश और अपराधबोध सिद्धू को भीतर तक झकझोर देता है। अब दर्शकों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि स्नेहा इस फैसले को स्वीकार कर पीछे हट जाएगी या अपने प्यार और सच्चाई के लिए डटकर खड़ी होगी। आगामी एपिसोड्स में पूर्वी की चाल का जवाब और रिश्तों की यह उलझन कहानी को किस दिशा में ले जाती है, यह देखना दिलचस्प होगा। यह ड्रामा ज़ी टीवी और ज़ी5 पर देखा जा सकता है।

ज़ी सिनेमा और ज़ी5 पर 2 दिसंबर को होगा 'शतकः संघ के 100 वर्ष' का ऐतिहासिक वर्ल्ड प्रीमियर

मुंबई। भारतीय टेलीविजन और डिजिटल मनोरंजन जगत में एक अनूठी पहल करते हुए ज़ी सिनेमा और ज़ी5 (फ्री5) एक साथ फिल्म 'शतकः संघ के 100 वर्ष' का वर्ल्ड प्रीमियर करने जा रहे हैं। यह विशेष फिल्म आगामी बुधवार, 2 दिसंबर को रात 8 बजे एक ही समय पर टीवी और ओटीटी दोनों प्लेटफॉर्म पर प्रसारित की जाएगी, जिससे दर्शक अपनी सुविधानुसार इसका आनंद ले सकेंगे।आशीष मॉल के निर्देशन और वीर कपूर के निर्माण में बनी इस फिल्म के सह-निर्माता आशीष तिवारी हैं। अदा 360 डिग्री एलएलपी के बैनर तले निर्मित यह फिल्म राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सौ वर्षों के गौरवशाली और ऐतिहासिक सफर को पर्दे पर जीवंत करती है। फिल्म में संगठन की स्थापना, उसके क्रमिक विकास और देश के विभिन्न ऐतिहासिक कालखंडों में उसकी भूमिका को बेहद बारीकी से दर्शाया गया है। विशेष रूप से संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम



हेडगेवार और द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर गुरुजी के जीवन तथा उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया है। इसके अतिरिक्त, इतिहास के कई अनछुए पहलुओं और कम चर्चित घटनाओं को भी इसमें पिरोया गया है। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की दमदार आवाज (नैरेशन) इस ऐतिहासिक कथा को और अधिक प्रभावशाली बनाती है। फिल्म के प्रीमियर को लेकर उत्साहित निर्देशक आशीष मॉल ने इसे अपने करियर का बेहद खास प्रोजेक्ट बताया। उन्होंने कहा कि इस फिल्म पर शोध करते समय उन्हें भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को प्रभावित करने वाली इस एक सदी की यात्रा को करीब से समझने का अवसर मिला। उन्हें उम्मीद है कि यह कहानी हर पीढ़ी के दर्शकों को खुद से जोड़ेगी। वहीं, निर्माता वीर कपूर ने इसे एक बड़ी जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि उनका प्रयास इतिहास के इस महत्वपूर्ण अध्याय को सरल, रोचक और प्रभावशाली ढंग से जन-जन तक पहुँचाना रहा है। अपने भव्य प्रस्तुतीकरण और सशक्त कथानक के साथ यह फिल्म 2 दिसंबर को रात 8 बजे दर्शकों के सामने होगी।